50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 8.3 °c | अधिकतम 23.9 °c

**आज की अमृतवाणी**

जब पीड़ा और कष्टकारी बोली दोनों
सहन होने लगे तो समझ लेना
इंसान समझदार हो गया है..!!

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 7:00, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 336 | बुधवार, 07 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

देश की खुशहाली के लिए भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ें : राहुल



वैसे वो... खुशहाली कब से आनी शुरू हो जाएगी?......

# जल्द ही खेलेंगे चेयरमैनी के उम्मीदवार पाला बदल

▶ सपा, कांग्रेस, भाजपा सहित कई पार्टियों के नेता छोड़ देंगे अपनी परम्परागत पार्टी ? ▶ चितरंजन स्वरूप परिवार व मूलचंद परिवार में हो सकती है बड़ी हलचल

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसम्बर (बु.)।** बचपन में एक खेल तो लगभग आप सभी ने खेला होगा, जिसका नाम कोना-काट था। यानि जहां जिस कोने में मौका लगा, उस कोने को लपक लिया और अपने आप को बीच चैराहे पर आने से बचा लिया। ऐसा ही कुछ अगले एक सप्ताह में चेयरमैनी उम्मीदवारों के बीच होने जा रहा है। कौन उम्मीदवार रातों-रात अपनी पार्टी बदलकर कौन से पाले में चला जायेगा, यह पार्टियों को हवा भी नहीं आयेगी, जो उम्मीदवार चंद दिन पहले सपा के सिम्बल से चुनाव लड़े थे, वे कांग्रेस से और कांग्रेस वाले आप पार्टी से और भाजपा वाले कांग्रेस का दामन कब थाम लेंगे, इसका कोई भरोसा नहीं किया जा सकता। सूत्रों की मानें तो जल्द ही स्व. चितरंजन स्वरूप परिवार का एक बेटा कांग्रेस से चुनाव लड़ता दिखाई देगा और एक बेटा पहले से ही सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुका है और सूत्रों की अगली बात मानें तो कभी कांग्रेस, तो कभी भाजपा का दामन थामने वाली संस्पेंड हुई चेयरमैन अब नई-नई पार्टियों के कनेक्शन में दिखाई पड़ रही है। सूत्रों की मानें तो भाजपा के कुछ दिग्गज भी टिकट ना मिलने के बाद कांग्रेस अथवा बसपा, सपा में जाने के मूड़ में दिखाई पड़ रहे हैं। भाजपाईयों का तर्क है कि जब भाजपा चार दिन पहले भाजपा में आये उम्मीदवारों को टिकट थमा सकती है तो टिकट के लिए उन्हें किसी और पार्टी में जाने के लिए काहे का परहेज करना। राजनीति अब अवसरवाद की हो चुकी है ऐसे में अब कौन कब कहां कोना-काट खेल खेलेगा और अपनी साख बचाने के लिए कोई ना कोई एक पार्टी का दामन थाम लेगा, यह कोई बड़ी बात नहीं है, मगर एक सप्ताह में राजनीति के नये-नये रंग देखने को मिलेंगे और विभिन्न पार्टियों के वफादार अपनी पार्टी के बागी कहलाते नजर आयेंगे। अनुमान के मुताबिक दो से तीन बड़े नेता अपनी-अपनी परम्परागत पार्टियां छोड़ते हुए जीत के समीकरण साधकर पार्टी छोड़ते दिखाई देंगे।

## शहर में घूम रहे सौ से अधिक चेयरमैन

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** चेयरमैनी की दौड़ में जहां तमाम दिग्गज चेहरे हैं, वहीं तमाम छुटभैया भी इस तरह दावे कर रहे हैं, जैसे टिकट उनकी जेब में पड़ा है। हालांकि उन्हें यह भी पता है कि टिकट उनसे बहुत दूर है। इसके बावजूद वे खुद को राजनीति का बड़ा सितारा साबित करने की कोशिश में हैं और बड़े नेताओं को अपना खास बताते हुए रुआब झाड़ रहे हैं। टिकट का ऊंट किस करवट बैठेगा इस पर तो बाद में पता चलेगा, लेकिन अभी स्थिति यह है कि अगर ऊंगलियों पर गिनने लगें तो शहर में हर मुहल्ले में दो तीन चेयरमैन घूम रहे हैं। इनकी गिनती सौ से ज्यादा हो सकती है। इनमें सबसे ज्यादा चेयरमैन भाजपा में हैं। इनकी संख्या आधा सैंकड़ा से अधिक है। इसके बाद नंबर आता है सपा-रालोद गठबंधन का। वहां भी दर्जनों दावेदार टिकट की लाइन में हैं। बसपा अभी इस फिक्र से अलग नजर आ रही है, लेकिन पालिका चुनाव में वह बड़ा फैक्टर होगी। इसके अलावा आप जैसी पार्टियां भी मुगदर घुमा सकती हैं।

## कोई खाली पेट न सोए, अंतिम आदमी तक पहुंचे अनाज : उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, 6 दिसंबर (वार्ता)।** कोरोना के बाद से लोगों की रोजी-रोटी पर काफी संकट आया है। कुछ उद्योग तो अभी कोरोनाकाल में लगे झटके से उबर नहीं पाए हैं। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को कहा कि कोई भी खाली पेट न सोए यह सुनिश्चित करना हमारी संस्कृति है और अंतिम आदमी तक अनाज पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से यह देखने को कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत खाद्यान्न अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। हम यह नहीं कह रहे हैं कि केंद्र कुछ नहीं कर रहा है, भारत सरकार ने कोविड के दौरान लोगों को अनाज पहुंचाया है। हमें यह भी देखना होगा कि यह जारी रहे। हमारी संस्कृति है कि कोई खाली पेट नहीं सोए। जस्टिस एम आर शाह और हिमा कोहली की पीठ ने केंद्र सरकार को ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या के साथ एक ताजा चार्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। तीन सामाजिक कार्यकर्ताओं अंजलि भारद्वाज, हर्ष मंदर और जगदीप छोकर की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि 2011 की जनगणना के बाद देश की जनसंख्या में वृद्धि हुई है और एनएफएसए के तहत लाभार्थियों की संख्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि अगर इसे प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया गया तो कई पात्र और जरूरतमंद लाभार्थी कानून के तहत लाभ से वंचित हो जाएंगे।



## खेला: ठेकेदार गायब, दुकानदारों को भारी पड़ा मेला

▶ तीस नवंबर को मेला बंद होने के बाद छह दिन से फंसे हैं दुकानदार ▶ डीएम कार्यालय पर ज्ञापन देने पहुंचे दुकानदारों को बैरंग लौटाया
▶ प्रशासन ने नुमाइश मैदान के दोनों गेटों पर ताला डाल बैठाई पुलिस ▶ ना ग्राहक अंदर आ रहे और ना सामान ले जाने का मिल रहा रास्ता





नुमाइश मैदान के मुख्य द्वार पर प्रशासन द्वारा लगाया ताला व अंदर परेशान दुकानदार।

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** दीवाली मेले के नाम पर नुमाइश मैदान में चला खेला बड़े खेले के चलते विवादों में फंस गया है। मेला ठेकेदार जीएसटी के साढ़े तेईस लाख रुपये ना जमाकर लापता हो गया। इस बीच प्रशासन ने नुमाइश मैदान के ताले बंद कर वहां से सामान बाहर ले जाने पर पाबंदी लगा दी। इसके बाद तमाम दुकानदार वहां फंस गए। तीन दिन से वहां फंसे दुकानदारों के सब्र का बांध आज टूटा और वे ज्ञापन लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे तो अधिकारियों ने उन्हें यह कहते हुए बैरंग लौटा दिया कि जब तक पैसा जमा नहीं होता तब तक कोई सामान वहां से नहीं जाएगा।

नुमाइश मैदान में दिवाली मेले के नाम पर पिछले माह मेला लगाया था। इस मेले का ठेका करीब एक करोड़ 31 लाख में छूटा था। ठेका मेरठ के सुलेमान और सागर नाम के ठेकेदारों ने लिया था। तीस नवंबर को मेला बंद कर दिया गया। इसके बाद ठेकेदारों ने घाटे की बात करते हुए मेले को कुछ दिन बढ़ाने की अनुमति प्रशासन से मांगी, लेकिन इसे आगे बढ़ाने की इजाजत प्रशासन ने नहीं दी। समय बढ़ाने की अनुमति नहीं मिली तो इसके बाद दुकानदार वहां से अपना सामान समेटने लगे। कुछ दुकानदार सामान समेट कर चले गए, लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में दुकानदार वहां मौजूद हैं। छह दिन से यह दुकानदार इस बात की इंतजार में हैं, उन्हें सामान ले जाने की अनुमति मिले। नुमाइश मैदान पर ताला पड़ने के साथ ही ठेकेदार द्वारा बकाया करीब साढ़े तेईस लाख रुपये जीएसटी जमा ना कराए जाने पर प्रशासन ने उसे तलब किया तो ठेकेदार गायब हो गया। इसके बाद प्रशासन ने नुमाइश मैदान के दोनों गेटों पर ताला डाल दिया और पुलिस तैनात करने के साथ ठेकेदार को चेतावनी दे दी गई कि जब तक पैसा जमा नहीं होता तब तक यह सामान वहां से नहीं जाएगा। नुमाइश मैदान में झूलों व खेलों के कई आइटमों के साथ दर्जनों की तादाद में दुकानदार भी फंस हैं। प्रशासन द्वारा ताले डाल दिए जाने के बाद तमाम दुकानदार वहां फंस गए और ना तो सामान ले जा सकते हैं और ना खुद जा सकते हैं। इनमें एक दो तो ऐसे हैं, जिनके परिवार भी वहां हैं। उनका कहना है कि ना तो प्रशासन उनकी सुन रहा है और ना ठेकेदार कोई जवाब दे रहा है। इसके बाद आज इन दुकानदारों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर डीएम के नाम दिए ज्ञापन में कहा कि वे खेल खिलौने, होटल और खेल का सामान बेचते हैं। इसे पुलिस द्वारा तीस नवंबर को बंद करा दिया गया है। कार्य ना होने कारण वे परेशान हैं। उनके द्वारा ठेकेदार को पूरा भुगतान किया गया है। इसकी रसीदें भी उनके पास हैं। उन्होंने प्रशासन से अपना कार्य नुमाइश मैदान में जारी रखने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में नजीर होटल मेरठ, महमूद, अलाउदीन, प्रीत, जाहिद, मुन्ना भाई, मोंटी फूल वाला, इदरीस अहमद आदि शामिल हैं। उन्हें अधिकारियों ने वहां से बैरंग लौटा दिया। कलेक्ट्रेट से नुमाइश मैदान पर लौटे इन दुकानदारों ने आरोप लगाया कि एक तरह से वे मैदान में बंधक बनकर रह गए हैं। ठेकेदार भी गायब है और मेरठ में जाकर बैठ गया है और उनकी बात तक सुनने को तैयार नहीं है। ऐसे में वे वहां से अपना सामान भी नहीं ले जा पा रहे हैं। उनका कहना था कि प्रशासन को अगर ठेकेदार पर दबाव बनाना ही है तो वह वहां लगे ठेकेदार के झूलों को रोक ले। इससे उनका बकाया वसूल हो जाएगा। हालांकि उनका कहना था कि प्रशासन उनकी एक भी सुनने को तैयार नहीं है। इसके बाद वे आज दिन भर ठेकेदार को फोन घुमाने में जुटे रहे।

### बोले सिटी मजिस्ट्रेट...

ठेकेदार ने मेले के ठेके लिए निर्धारित पैसा काफी जमा करा दिया है, लेकिन उस पर अभी भी काफी पैसा बकाया है। जीएसटी सरकारी राजस्व है। यह पैसा तो उसे चुकाना ही पड़ेगा। ठेकेदार हमारे संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द पैसा जमा हो जाएगा। इसके बाद ही सामान वहां से ले जाने की इजाजत होगी।

**अनूप कुमार, नगर मजिस्ट्रेट**

## मतदान में जीत तलाश रहे भाजपा और रालोद

**57.47 प्रतिशत**

▶ खतौली उपचुनाव में जिला प्रशासन के जारी आंकड़ों में एक लाख 79 हजार 560 मतदाताओं ने डाले वोट ▶ 97 हजार 747 पुरुष और 81 हजार 811 महिलाओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में मतदान का अंतिम प्रतिशत 57.47 तक रहा है। किसी बूथ पर भाजपा और किसी बूथ पर रालोद की दमदारी नजर आ रही है। इन्हीं आंकड़ों में दोनों दलों के समर्थक अपनी अपनी जीत तलाशते हुए नये-नये दावे कर रहे हैं। कुल मिलाकर इस उपचुनाव में एक लाख 79 हजार 560 मतदाताओं ने चुनाव के इस महापर्व में अपनी भागीदारी की है। खतौली उपचुनाव को लेकर मतदान के फाइनल आंकड़े जिला प्रशासन ने जारी कर दिये हैं। 369 बूथों पर कुल 57.47 प्रतिशत मतदान हुआ है। जो सोमवार रात तक 56.46 प्रतिशत बताया गया था। साथ ही बूथवार आंकड़े भी आ गये हैं। भाजपा हो या फिर रालोद-सपा गठबंधन, इनके तमाम समर्थक अपने अपने हिसाब से जीत के आंकड़े तैयार करने में लगे हैं। यह बात अलग है कि आंकड़ों की यह बाजीगिरी कई बार गड़बड़ा चुकी है। दोनों ही दल अपने चश्मों से जीत का दावा करने में पीछे नहीं हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक खतौली विधानसभा के तीन लाख 12 हजार 446 मतदाताओं में से सोमवार को हुए चुनाव के दौरान एक लाख 79 हजार 560 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 97 हजार 747 और महिला वोटरों की संख्या 81 हजार 811 रही है। इसके साथ ही थर्ड जैंडर के दो मतदाताओं ने भी अपना वोट दिया है। भाजपा को सबसे ज्यादा विश्वास महिला मतदाताओं पर है। पहले चुनावों की तरह इस बार भी अधिकांश महिला मतदाताओं का समर्थन भाजपा अपने खेमे में ही मान रही है। जबकि रालोद भाजपा के परम्परागत मतों में सेंधमारी को अपनी जीत का आधार मानकर चल रहा है। किसके दावे में कितना दम है, यह तो आठ दिसंबर को ही पता चल पायेगा।

### 321 बूथों पर हुआ 50 प्रतिशत से ज्यादा मतदान

**मुजफ्फरनगर।** खतौली उपचुनाव में 321 बूथ ऐसे रहे हैं, जिनमें 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। जबकि फरवरी 2022 में हुए चुनाव में 367 बूथों पर 50 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ था। उपचुनाव के लिए 05 दिसम्बर को पड़े वोट के दौरान 369 बूथों में से 321 बूथों पर 50 फीसदी से ज्यादा वोटिंग हुई हैं, जो पिछले चुनाव के मुकाबले करीब 12 प्रतिशत कम है। इसका फायदा और नुकसान किसे होगा, यह भविष्य के गर्भ में है।

### सर्वाधिक मतदान वाले टॉप फाइव बूथ

**मुजफ्फरनगर।** बूथ संख्या 73 खलवाडा में 79.63 प्रतिशत, बूथ संख्या 151 अभिपुरा में 78.05, बूथ संख्या 167 बुआडा खुर्द में 77.58, बूथ संख्या 202 टबीटा में 75.07 और बूथ संख्या 195 भायंगी दक्षिणी में 74.74 प्रतिशत मतदान हुआ।

### सबसे कम मतदान वाले टॉप फाइव बूथ

**मुजफ्फरनगर।** बूथ संख्या 364 शुगर मिल खतौली ग्रामीण खतौली में 37.02 प्रतिशत, बूथ संख्या 29 चित्तौडा में 38.40, बूथ संख्या 30 चित्तौडा में 39.67, बूथ संख्या 05 बेहडा अस्सा में 40.53 तथा बूथ संख्या 145 मन्सूरपुर में 40.59 प्रतिशत मतदान हुआ है।

## तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** सिखेड़ा थाना क्षेत्र में निराना के निकट तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर बाईक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि जानसठ थाना क्षेत्र के गांव कव्वाल निवासी 24 वर्षीय बिलाल पुत्र अब्दुल रहमान बाईक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहा था, निराना के निकट तेज रफ्तार से आए वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी, जो एक ट्रक बताया जा रहा है, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## सदन से एफबी लाइव करने पर सपा विधायक अतुल प्रधान को सवा घंटे के लिए बाहर निकाला गया

**लखनऊ, 6 दिसंबर (वार्ता)।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सदन की कार्यवाही का फेसबुक लाइव कवरेज करने पर सपा विधायक अतुल प्रधान को करीब 1 घंटे 15 मिनट के लिए सदन से बाहर निकाल दिया। विधानसभा में मंगलवार को सपा विधायक रामपुर में उप चुनाव के दौरान पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगाते हुए सदन में हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान अतुल प्रधान ने मोबाइल निकालकर उसका फेसबुक लाइव शुरू कर दिया। मार्शल ने विधानसभा अध्यक्ष महाना को इसकी सूचना दी। महाना ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जिस भी सदस्य ने सदन की कार्यवाही का फेसबुक लाइव किया है वह स्वयं बता दें, अन्यथा इसका पता लगाकर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सपा के हंगामे के चलते सदन स्थगन के दौरान महाना ने सदन में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग की जांच कराई तो पता चला कि अतुल प्रधान एफबी लाइव कर रहे थे। महाना ने सदन में आकर बताया कि अतुल प्रधान ने एफबी लाइव किया है। उन्होंने प्रधान को पूरे सत्र के दौरान सदन से बाहर चले जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सदन की मयार्दा और अनुशासन से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रधान सदन से बाहर चले गए। इसके बाद सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय और विधायक लालजी वर्मा ने विधासनभा अध्यक्ष से आग्रह किया कि अतुल प्रधान पहली बार विधायक हैं। उन्हें सदन की कार्यवाही और नियमों की ज्यादा जानकारी नहीं है। लिहाजा उन्हें माफ किया जाए। सपा के आग्रह पर महाना ने प्रधान को दोपहर एक बजे तक सदन से बाहर रहने के निर्देश दिए।

## रालोद ने नगर निकाय में आरक्षण पर जताई आपत्ति

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिका के वार्डों और अध्यक्ष पद का आरक्षण प्रस्तावित होते ही जहां तमाम राजनीतिक दलों के दावेदार जोर आजमाइश में जुट गए हैं, वहीं कुछ निर्दलीय ताल ठोंकने के लिए अभी से मतदाताओं के मन की बात जानने की कोशिश में जुटे हैं। इस बीच रालोद ने शहर पालिका के वार्ड आरक्षण पर आपत्ति जताई है। रालोद के प्रदेश प्रवक्ता कमल गौतम ने डीएम चंद्रभूषण सिंह को पत्र भेजकर कहा कि अनुसूचित जाति को 18 फीसदी का आरक्षण नहीं दिया गया है। शहर पालिका में कम से कम 10 वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होने चाहिए थे। ज्ञात रहे कि वार्ड और अध्यक्ष पद के लिए अधिसूचना जारी होने के बाद सात दिन का समय आपत्ति के लिए दिया गया है। इसके बाद इन आपत्तियों का निस्तारण होने के साथ आरक्षण की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।

# देखते हैं अब कौन सी पार्टी चेयरमैनी में किस जाति को देती है सम्मान...?

▶ कोई ब्राह्मण, कोई वैश्य, कोई पंजाबी तो कोई पार्टी जैन उम्मीदवार उतारने को तैयार

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसम्बर (बु.)।** खतौली उपचुनाव के बाद भाजपा ने चेयरमैनी चुनाव में आरक्षण की घोषणा करने के बाद से चेयरमैनी चुनाव का बिगुल बजा दिया है। मुजफ्फरनगर शहरी सीट पर जहां अभी तक सामान्य जाति के उम्मीदवार निराश नजर आ रहे थे, वहीं सोमवार को घोषणा होने के बाद से ही सामान्य जाति के उम्मीदवारों में करंट आ गया और अब जातिगत समीकरण साधने की बारी आ गई है। राजनरति में जातिवाद का ऐसा जहर घोला है कि सभी जातियां बढ़-चढ़कर अपनी-अपनी दावेदारी जता रही हैं। कहीं वैश्य समाज तो कहीं पंजाबी समाज और कहीं ब्राह्मण समाज तो कहीं जैन समाज अपनी-अपनी दावेदारी को तथ्यों के साथ विभिन्न पार्टियों के वरिष्ठ पदाधिकारियों को बताता दिखाई पड़ रहा है। भाजपा की बात करें, तो भाजपा की झोली में पिछले दो बार से चेयरमैनी मुजफ्फरनगर शहरी सीट नहीं आ पाई है। भाजपा ने ब्राह्मण, वैश्य दोनों समाज के नेताओं को वर्ष 2013 व 2017 में चुनाव लड़वाकर देख लिया है। दोनों ही बार भाजपा से ब्राह्मण व वैश्य प्रत्याशी ने हार का मुंह देखा है। तथ्यों की बात करें तो भाजपा की ओर से इस बार पंजाबी समाज की बारी है, मगर अभी भाजपा को यह मंथन करने में समय लग रहा है कि वह पंजाबी, ब्राह्मण अथवा वैश्य समाज में से किसको उम्मीदवार के रूप में उतारेगी। शहरी सीट सामान्य होने के बाद सपा में भी हलचल तेज दिखाई पड़ रही है। हर बार मुस्लिमों के दम पर विधानसभा चेयरमैनी की लड़ाई लड़ने वाली सपा इस बार शहरी सीट पर अपनी निगाहें पूरी तरह गड़ाए हुए हैं और सम्भवतः समाजवादी पार्टी ब्राह्मण प्रत्याशी पर अपना दांव खेलने के मूड़ में दिख रही है। हालांकि वैश्य उम्मीदवार भी दमदारी से चेयरमैनी के टिकट मांग रहे हैं और इसी पर सपा भी अपना मंथन कर रही है।

अब बात की जाये दो बार दमदारी से जीती कांग्रेस की, तो यह बात सभी को पता है कि पिछली दो चेयरमैनी में कांग्रेस ने अनोखे अंदाज में जीत हासिल कर एक अलग ही इतिहास रच रखा है। इसलिये भाजपाईयों और सपाईयों के गढ़ में कांग्रेस के उम्मीदवार को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। कांग्रेस की दो बार से लगातार हो रही जीत को भी कांग्रेस फिर एक बार भुनाने के मूड़ में है और इस बार भी कांग्रेस का प्रत्याशी कोई बड़ा नाम ही होगा। सम्भवतः हर बार की तरह कांग्रेस इस बार भी वैश्य समाज के प्रत्याशी पर ही दांव लगाने के मूड़ में दिख रही है, मगर इस बार कांग्रेस का प्रत्याशी मूलचंद परिवार से होने की सम्भावना ना के बराबर है। कुल मिलाकर कौन सी पार्टी, किस बिरादरी का सम्मान करती है, यह अगले एक सप्ताह तक साफ हो जायेगा, मगर फिलहाल तीनों प्रमुख पार्टियां वैश्य, ब्राह्मण व पंजाबी समाज को सम्मान देने के मूड़ में दिख रही है।

**आरना एम्पायर**

प्रेरणा स्त्रोत : स्व. वैद्य श्याम बिहारीलाल अग्रवाल (वैद्य जी)

48-द्वारिकापुरी, शिवालिक बैंक के सामने, एलआईसी वाली गली, भोपा रोड, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

नकद खरीदें – सस्ता खरीदें, सबसे सस्ता, GST बिल पर माल खरीदें

हमारे यहां निम्नलिखित कम्पनियों का माल नकद काउन्टर सेल योजना के अन्तर्गत सस्ते रेट पर बिक्री किया जाता है।

| उत्पाद | मात्रा | M.R.P. | *छूट के बाद | बचत |
|---|---|---|---|---|
| डाबर च्यवनप्राश | 950 gm. | 395/- | 316/- | रु. 79/- |
| डाबर च्यवनप्रकाश शुगर फ्री | 900 gm. | 440/- | 352/- | रु. 88/- |
| डाबर रत्नप्राश | 900 gm. | 990/- | 700/- | रु. 290/- |
| धुतपापेश्वर स्वामला | 1 kg. | 1475/- | 910/- | रु. 565/- |
| झण्डु च्यवनप्राश जैगरी (गुड़ वाला) | 900 gm.. | 360/- 50/- | 245/- | रु. 65/- |
| झण्डु लालिमा | 200 ml. | 110/- | 90/- | रु. 20/- |
| फिगारो ऑलिव ऑयल | | On M.R.P. : 13% | | रु. 13% |
| झण्डु केसरी जीवन | 900 gm. | 740/- | 629/- | रु. 111/- |
| झण्डू पंचारिष्ट | 450 ml. | 140/- | 110/- | रु. 30/- |
| डाबर हनी | 250 gm. | 120/- | 102/- | रु. 18/- |
| डाबर हनीटस सीरप | 100 ml. | 115/- | 75/- | रु. 40/- |
| डाबर आसव अरिष्ट | | On M.R.P. : 35% | | रु. 35% |
| डाबर चूर्ण | | On M.R.P. : 35% | | रु. 35% |
| बैद्यनाथ आसव आरिष्ट | | On M.R.P. : 35% | | रु. 35% |
| बैद्यनाथ बटी-गुटिका | | On M.R.P. : 25% | | रु. 25% |
| बैद्यनाथ केसरी कल्प | 1 kg. | 720/- | 550/- | रु. 170/- |
| हमदर्द रोगन बादाम | 100 ml. | 425/- | 298/- | रु. 127/- |
| हमदर्द जौशीना | 100 ml. | 70/- | 53/- | रु. 17/- |
| टेलीफोन ब्राण्ड सत इसबगोल भुस्सी | 200 gm. | 225/- | 191/- | रु. 34/- |
| गोदरेज ईजी | 1 Litre | 205/- | 190/- | रु. 15/- |
| मम्मी पोको पेन्ट्स डायपर | | 699/- | 550/- | रु. 149/- |
| बैद्यनाथ गाय का घी | 1 Litre | 635/- | 560/- | रु. 75/- |
| पतंजलि गाय का घी | 1 Litre | 625/- | 610/- | रु. 15/- |
| डाबर आंवला जूस | | 235/- | 165/- | रु. 70/- |

फ्री गिलोय घनवटी + रु. 50/- ऑफ

*नियम व शर्ते लागू। बिना ऑफर भी स्टॉक उपलब्ध है। *स्कीम प्रथम आओ – प्रथम पाओ के आधार पर उपलब्ध है।

कृपया पधारकर एक बार सेवा का अवसर प्रदान करें, आपके आगमन की प्रतीक्षा में......

खतौली उपचुनाव

# अब मतगणना को तैयार प्रशासनिक अमला

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया ने कहा कि आगामी 8 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में मतगणना सम्पन्न कराई जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल फोन पर प्रतिबंध रहेगा और एक मतगणना टेबल पर माइक्रो ऑब्जर्वर सहित तीन अफसर निगरानी करने के लिए लगाये गये हैं।

जिला पंचायत सभागार में मंगलवार को मतगणना कार्मिकों को संबोधित करते हुए सीडीओ ने स्पष्ट संदेश दिया कि मतगणना कार्य को पूर्ण निष्पक्षतापूर्वक, शुचिता के साथ सम्पादित किया जाए, इसमें लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी, मतगणना के दौरान पूर्ण एकाग्रता व सावधानी भी बरती जाए। उन्होने कहा कि सभी कार्मिक प्रत्येक दशा में प्रातः 6:00 बजे मतगणना स्थल पर उपस्थित रहेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही व शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। प्रत्येक टेबल पर मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक व माईक्रों ऑबजर्वर तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि खतौली विधानसभा उपनिर्वाचन 2022 के तहत चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब मतगणना की बारी है। मतगणना हॉल में मतगणना कार्मिकों सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे, मतगणना हॉल सीसीटीवी कैमरे में होगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान जो भी जिज्ञासाएं आएं उनको दूर किया जाए, जिससे कि मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। मतगणना हॉल में यदि कोई समस्या आए तो अपने आरओ एवं उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाई जाए।

मुख्य विकास अधिकारी संदीप भागिया द्वारा मतगणना हॉल में की जाने वाली कार्यवाही एवं कार्यो तथा पोस्टल बैलेट के सम्बंध मे प्रकाश डाला गया। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार द्वारा सभागार में मौजूद मतगणना कार्मिकों को मतगणना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि मतों की गिनती हेतु मतगणना प्रारूप उपलब्ध कराया जाएगा, जिसमें काउंटिंग के दौरान प्रत्याशियों को प्राप्त मतों की संख्या भरी जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी सहित मतगणना कार्य में लगे सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षण संपन्न**

**आठ दिसंबर की सुबह आठ बजे नवीन मण्डी स्थल पर शुरू होगा खतौली उपचुनाव में डाले गये मतों की गणना का कार्य**



फोटो बुलेटिन

चरण सिंह सभागार में प्रशिक्षण में शामिल अधिकारी व कार्मिक तथा काउंटिंग की बारिकियों से अवगत कराते डीआईओएस गजेन्द्र कुमार।

## 14 दिसंबर तक जिले में बंटेगा खाद्यान्न

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** जनपद में 14 दिसंबर तक राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरित किया जायेगा। इसके लिए जिला पूर्ति विभाग के द्वारा शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जिला पूर्ति विभाग की ओर से जारी शेड्यूल के अनुसार बताया गया कि आयुक्त, खाद्य तथा रसद विभाग उत्तर प्रदेश के आदेशों के क्रम में जनपद के समस्त राशन कार्ड धारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 योजनान्तर्गत माह अक्टूबर, 2022 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न (गेहूँ/चावल) का वितरण 05 दिसंबर से शुरू कराया जा चुका है, यह वितरण 14 दिसंबर तक होगा। इस दौरान अन्त्योदय कार्डधारकों को गेहूँ 14 किग्रा. प्रति कार्ड दो रुपये प्रति किग्रा., चावल 21 किग्रा. प्रति कार्ड तीन प्रति किग्रा. दिया जायेगा। पात्र गृहस्थी राशन कार्ड धारकों को गेहूँ दो किग्रा. प्रति यूनिट दो रुपये प्रति किग्रा., चावल तीन किग्रा. प्रति यूनिट तीन रुपये प्रति किग्रा. की दर से मिलेगा। बताया गया कि ऐसे राशन कार्डधारक, जो आधार प्रमाणीकरण से आवश्यक वस्तुऐं प्राप्त नहीं कर पाते है, वह 14 दिसंबर को ओ.टी.पी. वेरिफिकेशन के माध्यम से आवश्यक वस्तुऐं प्राप्त कर सकते हैं। इस अवधि के दौरान उचित दर की दुकानें प्रत्येक दिन प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 09:00 बजे तक खुली रहेंगी।

## पुरुष कुश्ती जिला टीम का चयन आज

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्मशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सीनियर वर्ग पुरूष कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन के लिए जिला स्तरीय टीम का चयन/ट्रायल बुधवार को करने का निर्णय लिया है।

उप क्रीडाधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि खेल निदेशालय लखनऊ एवं क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी, सहारनपुर के निर्देशों के क्रम में पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष में 12 से 14 दिसंबर 2022 तक प्रदेश स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन मिजार्पुर में किया जा रहा है। जिला खेल कार्यालय द्वारा जिला स्तरीय सीनियर वर्ग पुरुष कुश्ती चयन/ट्रायल्स 07 दिसंबर की अपराहन 2:00 बजे स्थानीय चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम के खेल मैदान पर कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि कुश्ती पुरुष प्रतियोगिता में भार वर्ग- 08 ग्रीको रोमन (भार श्रेणी-59, 66, 71, 75, 80, 85, 98, 130 कि.ग्रा.) तथा 01 मैनेजर, एवं 08 फ्रीस्टाइल (भार श्रेणी- 57, 61, 65, 70, 74, 86, 97, 125 कि.ग्रा.) खिलाडियो को अपने समस्त खेल प्रतियोगिताओं में लगने वाले समस्त प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं उसकी फोटो कॉपी लाना अनिवार्य होगा।

# भागवंती विद्या मंदिर में समर्पण सप्ताह का शुभारंभ

### जरूरतमंद छात्राओं की मदद के लिए रोटरी क्लब ने किया सहयोग, विद्यालय की छात्राओं ने एकत्र की समर्पण निधि

**राष्ट्र निर्माण में किया सहयोग का आह्वान**

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** नहीं मंडी स्थित भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मंगलवार को समर्पण सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोटरी क्लब के पदाधिकारियों पवन गोयल, मनोज गर्ग, राधेश्याम गर्ग, राज कमल जैन तथा विद्यालय प्रधानाचार्या सीमा गोयल ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर वंदना सत्र का शुभारंभ किया। पवन गोयल ने समर्पण भावों पर अपने विचार व्यक्त किए। तदोपरांत विद्यालय की छात्राओं द्वारा समर्पण निधि एकत्रित की गई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानवता के नाते राष्ट्र के निर्माण के लिए शिक्षा से वंचित आदिवासी, वनवासी दूरगामी क्षेत्रों में रहने वाले समाज की मदद करना है। रोटरी क्लब की ओर से छात्राओं की जरूरत के चलते विद्यालय को हिंदी साहित्य, मानव कल्याण से सुशोभित पुस्तक संग्रह पुस्तकालय में समर्पित किया गया। जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी में संस्कारों को फलीभूत रखना है ताकि हमारा समाज मूलभूत सिद्धांतों से विचलित ना हो सके और विश्व शांति में सहयोग देने के लिए पूर्ण समर्पित हो। रोटरी क्लब से विपिन कुछल, संजय सिंघल, पवन गोयल, नवीन सिंघल, संजय कर्णवाल सहित विद्यालय के आचार्य बंधु उपस्थित रहे।



# पत्रकारिता के नये छात्र छात्राओं का भव्य स्वागत



**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय के नवांगतुकों के स्वागत में 'स्पार्कल ब्लॉसम ब्लास्ट-2022' थीम वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्ष और उल्लास के साथ किया गया।

शुभारंभ श्रीराम ग्रुप ऑफ कालिजेज की अध्यक्षा डॉ. पूनम शर्मा, श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल, प्रबंधन डीन डॉ. सौरभ मित्तल, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. विनीत कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. विवेक त्यागी, विभागाध्यक्ष प्रबंधन संकाय डॉ. अशफाक़, एचआर डॉ. पंकज शर्मा, पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रवि गौतम द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बीजेएमसी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के युविका, अंश, रोहित, आयुष, मजहर, स्नेहा ने गणेश वंदना पर मनोहर नृत्य प्रस्तुत किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की अलग अलग श्रेणियों में छात्रों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें समूह नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य, हास्य नाटिका, एकल गायन, मिमिक्री आदि के साथ-साथ कुछ खेलों का भी समावेश किया गया। बौद्धिक स्पर्धा में छात्र एवं छात्राओं को अपने बौद्धिक कौशल को दिखाने का भी अवसर मिला। संचालन अर्जुमन फातिमा, हुमैरा, बबली व सोनू द्वारा किया गया। मुख्यातिथि डॉ. पूनम शर्मा ने अपने संबोधन में बोलते हुए कहा कि पत्रकारिता एवं जन संचार पाठ्यक्रम वर्तमान दौर की मांग है। इस क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए रोजगार के असीम अवसर हैं। डीन मैनेजमेंट डॉ. सौरभ मित्तल ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रम रचनात्मक और विवेकशील थे। रवि गौतम ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक दूसरे से रूबरू कराने का रहा। विभाग की प्रवक्ता शिवानी बर्मन, कहकशा मिर्जा और मयंक वर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार संकाय 'स्पार्कल ब्लॉसम ब्लास्ट-2022' कार्यक्रम का आयोजन**

# भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित

**छात्राओं को दी गई अंबेडकर की जानकारी**

**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार बाबा साहेब डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर की पुण्यतिथि व महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया।

इस दौरान देश के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, महान अर्थशास्त्री, महान शिक्षाविद, महान अधिवक्ता, महान दार्शनिक, महान लेखक, महान समाज सुधारक भारत रत्न डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय शाहपुर, में डॉ. राजीव कुमार, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट न्यायपीठ, गीता वार्डन, महिला शिक्षक गीता रानी, अनुपमा, रेखा व रेणु व विद्यालय की छात्राओं द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष द्वारा बाबा साहेब की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित श्रद्धासुमन अर्पण कार्यक्रम में छात्राओं को डॉ अंबेडकर के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। जिलाधिकारी चन्द्र भूषण सिंह एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चन्द गौतम के निर्देशन में निरन्तर विभिन्न प्रकार के जनजागरूकता कार्यक्रम भारत के महानायकों की जयन्ती व पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को इसी कड़ी में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के महानिर्वाण दिवस पर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संविधान निर्माता को अतिथियों के साथ छात्र छात्राओं ने अपने श्रद्धासुमन अर्पण करते हुए उनके सपनों के भारत निर्माण में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करने और उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा देने का संकल्प दौर आएगा। इस दौरान डॉ. राजीव कुमार द्वारा आयोजित के कार्यक्रम में छात्राओं को भारत के संविधान में दिये गए मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के विषय में जानकारी हेतु छात्राओं को पम्फलेट हैंडबिल्स वितरित किए गए।

# एसडी कॉलेज ऑफ लॉ में बाबा साहेब का स्मरण

### भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर को निर्वाण दिवस पर दी गई श्रद्धांजलि



**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** एस. डी. कॉलेज ऑफ लॉ में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ संविधान निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया गया।

कॉलेज निदेशिका मंजू मल्होत्रा ने कहा कि बाबा साहेब को श्रद्धांजलि देकर हम सब उनके प्रति इस भाव को जागृत कर रहे हैं कि एक लोकतांत्रिक भारत के निर्माण की भूमिका में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। प्राचार्या डॉ. रेणु गर्ग ने कहा कि वे संविधान सभा की ड्राफ्ट कमेटी के चेयरमैन थे। हम उनकी भूमिका को भुला नहीं सकते। समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन के प्रति उनका विशेष ध्यान था। डॉ. मुकुल गुप्त ने कहा कि डॉ. अंबेडकर की दूरदृष्टि बड़ी व्यापक थी, सामाजिक सुधारों के साथ-साथ उनके द्वारा विधि को एकीकृत करने का श्रेय उन्हीं के अथक प्रयास को जाता है। श्रद्धांजलि देने वालों में अमित चौहान, प्रीति लौर, पूनम शर्मा, बीता गर्ग, अमित त्यागी, छवि जैन, अनीता सिंह, गरिमा तोमर, प्रदीप सिंघल, संतोष शर्मा, विपुल कुमार, अभिनव अग्रवाल, अभिनव गोयल, उमेश त्रिपाठी, प्रीती दीक्षित, संजीव कुमार, शुभम सिंघल, विवेक सिरोही, शिवानी आदि शामिल रहे।

# डीएस पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम

**मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बु.)।** मंगलवार 6 दिसंबर 2022 को डीएस पब्लिक स्कूल में डीएस पब्लिक स्कूल एवं जिला स्वास्थ्य विभाग मुजफ्फरनगर के तत्वाधान में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला स्वास्थ्य विभाग की ओर से वरिष्ठ मनोचिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

कार्यक्रम में एडिशनल सीएमओ एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार सहित साइकोथैरेपिस्ट डॉ. मनोज कुमार पांडे, साइकेट्रिस्ट डॉ. अर्पण जैन एवं साइकोलॉजिस्ट डॉ. अंशिका मलिक उपस्थित रहे। डॉ. मनोज कुमार पांडे ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के विषय में विस्तार से समझाते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे। इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के दो घटक हैं शारीरिक स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य मानसिक स्वास्थ्य भी शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही अधिक महत्वपूर्ण है। कुछ संदर्भों में तो मानसिक स्वास्थ्य का महत्व शारीरिक स्वास्थ्य से भी कहीं अधिक हो जाता है।

आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में जब हर कोई चाहे अनचाहे किसी ना किसी प्रकार के तनाव का सामना कर रहा है तब मानसिक स्वास्थ्य का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि अगर उन्हें स्वयं या उनके किसी मित्र को किसी भी प्रकार का अवसाद या तनाव महसूस होता है या कुछ भी मनोमस्तिष्क को अप्रिय लगने वाली परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं तब अपने माता-पिता अपने शिक्षकों, अपने बड़े भाई बहनों या अपने किसी घनिष्ठ मित्र से इसकी चर्चा अवश्य करें। मात्र चर्चा करने से आधे से अधिक तनाव से उत्पन्न होने वाली बीमारियां एवं उस कारण होने वाली मानसिक परेशानी दूर अथवा कम हो जाती है। कार्यक्रम में साइकेट्रिस्ट डॉ. अर्पण जैन ने बच्चों को एडिक्शन के विषय में समझाया। उन्होंने कहा कि युवावस्था में सही मार्गदर्शन या ज्ञान के अभाव में युवा किसी ना किसी अडिक्शन का शिकार हो जाते हैं जो उनके स्वास्थ्य व्यक्तित्व एवं उनके करियर के लिए घातक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को ड्रग, तंबाकू उत्पादों आदि से दूर रहने को कहा तथा अन्य को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा। कार्यक्रम के अंत में एडिशनल सीएमओ तथा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. प्रशांत कुमार ने विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के उपाय सुझाए।

स्कूल एजुकेशन डायरेक्टर श्रीमती संतोष जैन तथा स्कूल प्रधानाचार्य गगन शर्मा ने एसीएमओ डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. मनोज कुमार पांडे, डॉ. अर्पण जैन, डॉ. अंशिका मलिक, गुंजन मित्तल को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सहयोग रहा।




**जानसठ क्षेत्र में हाईवे निर्माण को लेकर अंडरपास की मांग हुई तेज**

# किसानों ने किया महापंचायत बुलाने का ऐलान

**मुजफ्फरनगर 6 दिसंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन की जिला इकाई ने जानसठ क्षेत्र के लोगों की समस्या का निदान न होने पर प्रशासन को गिरने का मन बनाया है। यूनियन के मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह ने इस संबंध में दावा किया है कि आगामी 10 दिसंबर को कार्यकर्ता पानीपत-खटीमा राजमार्ग पर बड़ी महापंचायत कर शासन-प्रशासन को नींद से उठाने का काम करेंगे।

मंगलवार को शक्ति सिंह ने बताया कि ब्लॉक जानसठ के गांव सिखेड़ा में पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्य में किसानों द्वारा अंडरपास की मांग को लेकर बीते 30 नवंबर से समस्या समाधान की मांग को लेकर धरना चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि इसी मामले में एसडीएम जानसठ के नाम ज्ञापन दे दिया गया है, लेकिन प्रशासन कार्यशैली प्रतिकूल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसी मामले को लेकर भारतीय किसान यूनियन 10 दिसंबर को सिखेड़ा बाईपास पर महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। यूनियन पदाधिकारियों ने क्षेत्र की जनता के साथ भारतीय किसान यूनियन के सभी कार्यकर्ताओं से अनुरोध किया है कि अधिक से अधिक संख्या में किसानों को साथ लेकर सिखेड़ा बाईपास पर 10 दिसंबर को प्रातः 10 बजे तक पहुंचे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि जरूरत पड़ी, तो भारतीय किसान यूनियन क्षेत्र के किसानों और आम जन की समस्या के समाधान के लिए हाइवे जाम करने से भी पीछे नहीं हटेगी। यदि आंदोलन हुआ तो इसके लिए पूरी तरह से अधिकारी जिम्मेदार होंगे।

**इन्होंने कहा.......**

**भाकियू के मीडिया प्रभारी शक्ति सिंह ने बताया कि 30 नवंबर से सिखेडा में पानीपत खटीमा हाईवे के निर्माण कार्यो को लेकर क्षेत्रीय किसानों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है।**

## डॉ. अंबेड़कर को पुण्य तिथि पर किया याद

**खतौली, 06 दिसम्बर (बु.)।** भारत रत्न बाबा भीमराव अम्बेड़कर की पुण्य तिथि पर भाजपा द्वारा आयोजित बैठक में उनके सिद्धान्तों का अनुसरण करने पर बल दिया। मिली जानकारी के अनुसार संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की पुण्य तिथि पर भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम पर भाजपा नगर अध्यक्ष अमित जैन व पूर्व भाजपा जिला मंत्री मदन छाबड़ा ने कहा कि बाबा अम्बेड़कर ने सदैव दबे कुचले व दलित पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष तथा संविधान में इनकी रक्षा अधिकार की आवाज उठाई।

उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेड़कर प्रेरणा श्रोत हैं। राष्ट्र का उत्थान डॉ. अम्बेडकर के सिद्धान्तों व विचारधारा से ही सम्भव है। कंवर सैन जैन, मदन छाबड़ा, राकेश प्रजापति, रवि ग्रोवर, उमेश कुमार, गुरूदत्त अरोरा, डीके जैन, चंचल भूटानी, अमित त्यागी, गुफरान मौजूद थे। अंत में भाजपाईयों द्वारा डॉ. अम्बेडकर को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया।

# पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम में जल बचाने पर दिया जोर

**वक्ताओं ने विद्यार्थियों को किया जागरुक**

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा सिसौली के मूनलाइट पब्लिक स्कूल व डीएवी इंटर कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यक्रम हुआ। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को पर्यावरण सुरक्षित रखने के लिए पेड़ लगाने का संकल्प लेने को प्रेरित किया, जल संरक्षण के उपाय बताएं।

डीएवी इंटर कॉलेज सिसौली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कांति राठी ने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी हमारी है। जिस तरह से हम अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए उसकी देखभाल करते हैं। उसी प्रकार पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए हमें उसकी देखभाल उसी प्रकार करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि हमारे शरीर में 73 प्रतिशत पानी है, जिससे हमारा शरीर स्वस्थ रुप से चलता है। इसी प्रकार भूगर्भ के अंदर मात्र 23 प्रतिशत पानी पीने योग्य है, जिसे हमें संभल कर इस्तेमाल करना होगा। डीएवी इंटर कॉलेज के पूर्व अध्यापक जयपाल सिंह ने कहा कि हमें जल संरक्षण पर उतना ही ध्यान देना चाहिए जितना हम अपने शरीर पर देते हैं। प्रत्येक जन्मदिवस पर हमें एक पौधा लगाना चाहिए। देखभाल करनी चाहिए, तभी हम पर्यावरण को सुरक्षित कर सकेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों को शहीद भगत सिंह, वीर सावरकर , डॉ. बलिराम हेडगेवार, मदनलाल ढींगरा जैसे अनेक महापुरुषों के जीवन संघर्ष के साथ उनके जीवन के प्रेरक प्रसंग भी सुनाए। सुरेश सिंघल ने विद्यार्थियों को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के प्रति जागरुक करते हुए बताया कि हमें अनावश्यक पानी नालियों में नहीं बहाना चाहिए। यथा सम्भव उतना ही पानी प्रयोग करना चाहिए, जितनी आवश्यकता है। ट्रस्ट के अध्यक्ष सत्येंद्र सैनी ने सभी विद्यार्थियों को हमेशा जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

# कड़ी मेहनत से मयंक ने सेना में पाया अधिकारी का मुकाम

**शांतिनगर के मयंक बने सेना में लेफ्टिनेंट, परिवार खुश**

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** जनपद के युवक मयंक कुमार जोकि करीब 18 साल पहले भारतीस सेना में तकनीकी सैनिक के रूप में भर्ती हुए थे, अपने कड़ी मेहनत के बल पर सेना में अधिकारी बनने में सफल हो गये हैं। युवक के सेना में कमिशन पाने पर परिवार में हर्ष व्याप्त है। युवक की पत्नी और माता-पिता ने पासिंग आउट परेड के दौरान कंधों पर स्टार लगाकर इस खुशी को सा-ाा किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मूल रूप से ग्राम बेहडा थ्रू निवासी तथा वर्तमान में शहर के मौहल्ला शांतिनगर में अपने परिवार के साथ रह रहे चौ. सुक्रम पाल राठी के घर खुशियों ने दस्तक दी है। सुक्रम पाल के पुत्र मयंक कुमार राठी ने अपने परिश्रम के बल पर अपने सपने को साकार करते हुए भारतीय सेना में कमीशन प्राप्त किया है। मयंक सेना में लेफ्टिनेंट बने हैं। सुक्रम पाल ने बताया कि इंडियन मिलिट्री अकेडमी (आईएमए) में आयोजित पासिंग आउट परेड में मयंक कुमार को सैन्य अफसरों ने मयंक कुमार को लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन प्रदान किया। इसके साथ ही यहां पर मयंक की पत्नी और माता-पिता ने उनकी वर्दी पर स्टार लगाकर इस खुशी को एक यादगार पल के रूप में स्मरणीय बनाया। उन्होंने बताया कि मयंक ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा गांव बेहडा थ्रू के प्राइमरी विद्यालय से पूरी की। इंटरमीडिएट उन्होंने शहर के राजकीय इंटर कॉलेज से किया। मयंक ने मार्च 2005 में भारतीय सेना को तकनीकी सैनिक के रूप में ज्वाइन किया था। उनकी कोर ऑफ सिग्नल में तैनाती मिली। उनको 2017 में जूनियर इंजीनियर के रूप में पदोन्नति मिली। इसके साथ ही उन्होंने अपनी शिक्षा को भी जारी रखा और सेना में सर्विस के दौरान ही चौ. चरण सिंह यूनिवर्सिटी से समाज शास्त्र में मास्टर डिग्री (एमए) तथा अमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा से एमबीए (एचआर) में डिग्री हासिल की। उन्होंने बताया कि मयंक अपने कड़े परिश्रम के चलते सेना में अधिकारी बने हैं।

**2005 में सेना में तकनीकी सैनिक के रूप में हुए थे भर्ती**



**आईएमए में पासिंग आउट परेड के दौरान पत्नी और माता-पिता ने कंधों पर लगाये स्टार, मयंक की बेटियां भी रही पिता की इस कामयाबी के जश्न में शामिल।**

फोटो बुलेटिन

आईएमए में पासिंग आउट परेड के बाद अपनी पत्नी तथा माता-पिता के साथ प्रसन्नता व्यक्त करते मयंक।

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 07 दिसंबर, 2022**

**मेष-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, जनसम्पर्क, धर्म आस्था, मानसिक शांति, परोपकार की भावना जागृत।

**वृषभ-** दिनशुभ, भाग्योन्नति के नवीन आयाम, सिद्धि का प्रयास सार्थक, शुभ कृत्य सम्पन्न, जीवन में सुख शांति का वातावरण, सद्विचारों का उदय।

**मिथुन-** कार्य व्यवसाय में निराशा, दुरुचार्य में अरुचि, लापरवाही से हानि, परिश्रम के बावजूद प्रगति में संदेह, अड़चने, उलझने, सतर्कता अपेक्षित।

**कर्क-** वाकपटुता से कार्य सिद्धि, पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास सफल, विविध पक्षों में अनुकूलता, सुसंदेश की प्राप्ति से हर्ष, लाभ का सुयोग।

**सिंह-** मित्रों-परिजनों से सहयोग, शुभ-भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, दूसरों के आश्वासनों से राहत, समस्याओं का समाधान, मांगलिक आयोजन सम्पन्न

**कन्या-** योजना का शुभारंभ, आर्थिक व्यावसायिक पक्ष में परिश्रम के अनुरूप सफलता, विशिष्ठ जनों से सम्पर्क, परोपकार की भावना, दाम्पत्य सुख।

**तुला-** दिन अशुभ, कार्यों में निराशा, विवादास्पद मसला उलझने की ओर, पठन-पाठन में अरुचि, वैचारिक, स्थिरता का अभाव, मान-सम्मान में कमी।

**वृश्चिक-**निराशा का सम्पन्न, लाभ का मार्ग प्रशस्त, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर, बौद्धिक क्षमता का विकास, सामाजिक कृत्यों की ओर रुझान, मानसिक शांति।

**धनु-** कठिनाइयों में कुछ कमी, स्वजनों परिजनों के माध्यम से बकाए धन की वसूली, जनकल्याण की भावना जागृत, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, यात्रा सुखद।

**मकर-** विचारित कार्यों में प्रगति, जनसम्पत्ति विषयक समला सुलझने की ओर, विशिष्टजनों से सम्पर्क, विवाद समापन पक्ष में, आमोद-प्रमोद सुलभ।

**कुम्भ-** योजना असफल, मित्रों से मतभेद, भौतिक सुख में कमी, जल्दबाजी निर्णय अहितकर, अड़चने, कर्ज से परेशानी।

**मीन-** कार्य पूर्णता की ओर, कार्य व्यवसाय में प्रगति, स्वजनों से सहयोग, मसला सुलझने की ओर।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी -सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

**सम्पादक की क़लम से**

## एशिया कप की मेजबानी

एशिया कप 2023 की मेजबानी को लेकर विवाद हो रहा है। बीसीसीआई और पीसीबी आमने-सामने हैं। जय शाह और रमीज राजा के बयानों से माहौल गरमाया हुआ है। रमीज राजा का कहना है कि भारत अगर एशिया कप से हटा, तो पाकिस्तान भी वनडे वर्ल्ड कप में नहीं खेलेगा। पाकिस्तान ने एशिया कप से भी हटने की चेतावनी दी है। दोनों देशों के क्रिकेट अधिकारियों, जानकारों और पूर्व क्रिकेटर्स के बीच बयानबाजी हो रही है। इन सबके बीच एशिया कप को लेकर ही सवाल उठने लगे हैं। अगले साल सितंबर में एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान को करनी है, लेकिन पिछले दिनों भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह के एक बयान को लेकर विवाद उठ खड़ा हुआ था। जय शाह ने बोर्ड की सलाना बैठक के बाद कहा था कि एशिया कप 2023 किसी तीसरे देश में आयोजित होगा, क्योंकि भारत पाकिस्तान नहीं जा सकता। जय शाह एशियाई क्रिकेट काउंसिल के चेयरमैन भी हैं। एशियाई क्रिकेट काउंसिल एशिया कप का आयोजन कराती है। जय शाह के बयान पर विवाद उस समय शुरू हुआ, जब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन रमीज राजा ने कहा कि अगर एशिया कप पाकिस्तान में नहीं हुआ, तो उनकी टीम एशिया कप नहीं खेलेगी। रमीज राजा ने कहा, ऐसा नहीं है कि हमारे पास मेजबानी के अधिकार नहीं हैं और हम इसके लिए गिड़गिड़ा रहे हैं। हमने निष्पक्ष तरीके से मेजबानी हासिल की है। अगर भारत पाकिस्तान नहीं आता है, तो मत आए। लेकिन अगर इस कारण पाकिस्तान से मेजबानी ली गई, तो हम इस टूर्नामेंट से हटने वाले पहले मुल्क होंगे। इतना ही नहीं रमीज राजा ने यहाँ तक कह दिया कि पाकिस्तान की टीम भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप से भी हट सकती है। अब इस बयान पर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने भी अपनी राय दी है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा, क्रिकेट के कारण ही भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा संबंध सुधरे हैं। भारतीय चाहते हैं कि पाकिस्तान भारत में क्रिकेट खेले। रावलपिंडी में इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच हुए टेस्ट मैच के बाद रमीज राजा ने एक बार फिर विवाद का ठीकरा बीसीसीआई के सिर फोड़ा है। रावलपिंडी टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हरा दिया था। मैच के बाद बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल कार्यक्रम में रमीज राजा ने कहा कि बीसीसीआई ही ने इस विवाद की शुरूआत की है। रमीज राजा ने कहा, उस समय क्या होगा, जब पाकिस्तान की सरकार सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान की टीम को भारत जाने की अनुमति नहीं देगी। ये यहाँ काफी भावनात्मक मुद्दा है। बीसीसीआई ने इस बहस को एक तरह से शुरू किया है। हमें जवाब तो देना ही है, टेस्ट क्रिकेट को भारत और पाकिस्तान की जरूरत है। रमीज राजा चाहते हैं कि भारत राजनीतिक मतभेदों को किनारे रखकर भारत को एशिया कप के लिए अगले साल पाकिस्तान आना चाहिए। लेकिन जय शाह के बयान से ऐसा नहीं लगता। सोशल मीडिया पर चल रही पोस्ट से पता चलता है कि भारत के क्रिकेट प्रेमी भारत-पाकिस्तान के बीच मैच तो चाहते हैं, लेकिन पाकिस्तान जाकर नहीं चाहते। अभी भारत और पाकिस्तान द्विपक्षीय सिरीज नहीं खेलते, लेकिन एशिया कप और आईसीसी प्रतियोगिताओं में इन दोनों टीमों का आमना-सामना होता रहता है। हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान 23 अक्तूबर को मेलबर्न में दोनों टीमों का आमना-सामना हुआ था। मैच काफी रोमांचक रहा था और भारत की टीम मैच जीत गई थी। उससे पहले एशिया कप में भी भारत और पाकिस्तान का सामना हुआ था। इसमें एक मैच भारत ने और एक मैच पाकिस्तान ने जीता था। भारत ने वर्ष 2008 में आखिरी बार पाकिस्तान का दौरा किया था। भारत की टीम एशिया कप खेलने पाकिस्तान गई थी। जबकि पाकिस्तान की टीम वर्ष 2016 में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत आई थी। इससे पहले भी इस तरह के विवाद उठते रहे हैं। भारत 1986 में हुए दूसरे एशिया कप से अलग हो गया था। इस एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका ने की थी। सरकारी तौर पर ये कहा गया कि भारतीय खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर ये फैसला किया गया है। उस समय श्रीलंका में एलटीटीई और सेना के बीच जंग चल रही थी और हिंसा भी हो रही थी, लेकिन जानकार ये भी बताते हैं कि 1985 के भारत के दौरे में वहाँ काफी विवाद हुआ था। इस कारण भारतीय क्रिकेटर्स भी श्रीलंका नहीं जाना चाहते थे। 1990-91 में भारत की मेजबानी में एशिया कप होना था, लेकिन भारत के साथ राजनीतिक तनाव के कारण पाकिस्तान टूर्नामेंट से हट गया था। 1993 में भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण प्रतियोगिता ही रद्द कर दी गई थी। 1984 में एशियाई क्रिकेट काउंसिल यानी एसीसी की स्थापना हुई थी और उसी साल पहली बार एशिया कप का आयोजन हुआ था। एशिया कप की मेजबानी यूएई में हुई, क्योंकि एसीसी का मुख्यालय वहीं था। पहला एशिया कप शारजाह में खेला गया। भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका ने इसमें हिस्सा लिया और खिताब भारत के नाम हुआ। दूसरा एशिया कप श्रीलंका में हुआ और भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर प्रतियोगिता में खेलने से इनकार कर दिया। इस एशिया कप में बांग्लादेश को भी शामिल किया गया। इस बार खिताब श्रीलंका ने जीता। श्रीलंका ने फाइनल में पाकिस्तान को मात दी। वर्ष 1988 में तीसरा एशिया कप बांग्लादेश में आयोजित हुआ। दोनों देशों के बीच तनाव के कारण 1993 का एशिया कप रद्द कर दिया गया था। 1995 में पाँचवाँ एशिया कप शारजाह में हुआ। अच्छी रन गति के कारण भारत और श्रीलंका की टीमें फाइनल में पहुँची, क्योंकि भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान के अंक समान थे। भारत ने श्रीलंका को फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया। 1997 का एशिया कप श्रीलंका में हुआ और इस बार मेजबान श्रीलंका ने खिताबी जीत हासिल की। श्रीलंका ने फाइनल में भारत को आठ विकेट से हराया। 2000 में एशिया कप की मेजबानी बांग्लादेश ने की। भारत पहली बार फाइनल में जगह नहीं बना पाया। फाइनल में पाकिस्तान ने श्रीलंका को हराकर पहली बार एशिया कप का खिताब जीता। 2004 में एशिया कप की मेजबानी श्रीलंका ने की।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"गैरत" "खुद्दारी" "उम्र" "जुमले"

हो गया बूढ़ा मगर गैरत नहीं बूढ़ी हुई,
आज भी हरगिज गलत को ठीक कहता ही नहीं।
मैंने खुद्दारी को अपनी उम्र से आगे रखा,
बेजा जुमले हों किसी के सुन के सहता ही नहीं।

# बार काउंसिल द्वारा मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी को नहीं मिली हरी झंडी

### -छात्रसंघ ने विभिन्न समस्याओं को लेकर दिया ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बुस.)।आर्य समाज रोड स्थित डीएवी कॉलेज के छात्र संघ संयुक्त सचिव अमन जैन के नेतृत्व में मंगलवार को दर्जनों छात्र-छात्राओं ने डीएवी कॉलेज के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. संजीव मित्तल को मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय के कुलसचिव के नाम एलएलबी पाठ्यक्रम के प्रवेश व एलएलबी पाठ्यक्रम के द्वितीय सेमेस्टर के परीक्षाफल के घोषित होने में देरी के संबंध में ज्ञापन सौंपा।

छात्रसंघ नेता अमन जैन ने बताया कि छात्र संघ डीएवी पीजी कॉलेज सदैव छात्र हित में कार्य करता आ रहा है। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए इच्छुक विद्यार्थियों और अध्ययनरत विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। उन्होंने बताया की विश्वविद्यालय द्वारा विधि संकाय द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल अभी तक घोषित नहीं किया गया है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और इसके साथ एलएलबी प्रथम वर्ष के लिए प्रवेश पंजीकरण कराने के एक माह से अधिक होने पर भी प्रवेश प्रक्रिया अभी तक शुरू नहीं हुई है, जिससे सम्पूर्ण सत्र शून्य होने की कगार पर है, जिसके कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य अंधकार में है, जिस पर छात्रसंघ नेता ने मांग की।

कालेज प्राचार्य को एक ज्ञापन में विधि संकाय सत्र (2021-22) के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल अब तक घोषित ना किये जाने का कारण स्पष्ट किया जाने के साथ जब विश्वविद्यालय को बीसीआई द्वारा विधि संकाय विभाग की मान्यता प्राप्त नहीं हुई है, तो किस आधार पर द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा सम्पन्न कराई गयी, उसका स्पष्टीकरण दिया जाये। वहीं दूसरी ओर बिना बीसीआई में पंजीकरण हुए किस आधार पर विधि संकाय सत्र विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में माइग्रेशन स्वीकार किया गया और किस आधार पर उनकी डिग्री प्रदान की जाएगी।



इसका स्पष्टीकरण देने की मांग की पत्र नेता अमन जैन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इन 7 सूत्रीय मांगों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र अति शीघ्र समाधान नहीं किया जाता है, तों छात्र संघ एवं समस्त विद्यार्थी उग्र आंदोलन की ओर अग्रसर होंगे, जिसका सम्पूर्ण दायित्व विश्वविद्यालय प्रशासन का होगा। इस दौरान मुख्य रूप से कपिल, माहेनूर, ज्योति, शहरीन, पारुल, रुचिन, हर्षित, फजल, आशीष, आकाश, राशिद, मनताशा, अश्विनी, साहिबा, आलिमा, अशफाक, यश, आरती, शोएब एवं अन्य छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय में ब्रह्मकुमारी का मोटिवेशन शिविर आयोजित

मुजफ्फरनगर 6 दिसंबर (बु.)। मेरठ रोड स्थित जैन कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्मकुमारी के तत्वावधान में एक मोटिवेशनल व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसका विषय सेल्फ मैनेजमेंट रहा। महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर सीमा जैन के निर्देशन में छात्राओं को मोटिवेट करने के उद्देश्य से एक व्याख्यान आयोजित कराया, जिसमें ब्रह्मकुमारी के माध्यम से सम्बोधित करते हुए कहा गया कि सकारात्मक विचारों की शक्ति से कार्यों में सफलता प्राप्त की जा सकती है और सफल वह है, जो अपने दुश्मनों पर नहीं, बल्कि अपनी इच्छाओं पर और अपनी इंद्रियों पर विजय प्राप्त कर लेता है। जैन कन्या पाठशाला महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में



अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि वास्तव में जीवन में सकारात्मक चिंतन हर परिस्थिति में मन को शीतल बनाए रखता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि अपने स्वभाव को सरल बना दो तो सभी कार्य सरल हो जाएंगे। उन्होंने विभिन्न कहानियों के माध्यम से छात्राओं को सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य रूप से ब्रह्मकुमारी तारा बहन, ब्रह्मकुमारी जगजीत कौर एवं मुकुल आदि ने अपने अपने विचारों से छात्राओं को मोटिवेट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूप से डॉक्टर सविता वशिष्ठ, डॉक्टर वर्चसा सैनी, डॉक्टर मनीषा अग्रवाल, डॉ. आभा सैनी, डॉक्टर नीता भटनागर, सोनाली सिंह, बीना मित्तल का सहयोग रहा।

## विद्यालय का गेट तोड़कर कम्प्यूटर, इन्वर्टर व कीमती सामान चोरी

भोपा, 6 दिसंबर (बु.)। चोरों ने विद्यालय के गेट का ताला तोड़कर कंप्यूटर, इनवर्टर आदि सहित कीमती सामान चुरा लिया। विद्यालय खुलने के बाद अध्यापकों को इसके बारे में पता चला तो विद्यालय प्रधानाचार्य ने विद्यालय में चोरी की सूचना पुलिस को दी और अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। विद्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा पूर्व में भी चोरी का प्रयास किया जा चुका है। थाना ककरौली क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा स्थित दीन मौहम्मद राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने बताया कि रविवार व सोमवार की छुट्टी होने के बाद मंगलवार को विद्यालय खोला गया। जब शिक्षक मुख्य दरवाजे पर पहुंचे, तो उसका ताला टूटा हुआ मिला। शिक्षको ने अंदर जाकर देखा, तो विद्यालय के सभी कमरों के ताले टूटे पड़े थे और प्रधानाचार्य कार्यालय का भी ताला टूटा हुआ था। चोरों ने गेट का ताला तोड़कर कंप्यूटर रूम से दो कम्प्यूटर, इनवर्टर व बैटरा चुरा लिए हैं। सूचना पर पहुंची ककरौली पुलिस ने विद्यालय पहुंचकर जांच पड़ताल की और चोरी की घटना का जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया। प्रधानाचार्य डॉ. रणवीर सिंह ने थाने में अज्ञात चोरों के नाम तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह ने बताया कि शीघ्र चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा।

## आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस व गौशाला में किया बंद



भोपा, 6 दिसम्बर (बु.)। भोपा में मुख्य मार्गो पर बेसहारा गौवंश तेज ठण्ड में इधर-उधर भटक रहा है। सड़कों पर घूम रहे गौवंश के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। मंगलवार को स्थानीय पशु चिकित्सक व किसानों ने मिलकर आवारा गौवंश को कांजी हाउस व गौशाला में पहुँचाया। पशु चिकित्सक डॉ. हेमेंद्र कुमार व किसान रोहित राठी द्वारा भोपा में बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र से दस से अधिक मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस व गौशाला में पहुँचाया। किसानों व पशु चिकित्सक द्वारा मंगलवार सुबह से अभियान शुरू किया गया। डॉ. हेमेंद्र सिंह ने सात गौवंश को खाईखेड़ी स्थित कांजी हाउस व तीन गौवंश को भोपा स्थित गौशाला में बंद कराकर सभी गौवंश को टैग लगाए। किसानों ने बताया कि आवारा गौवंश द्वारा उनकी फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इस दौरान किसान विक्की बालियान, अंचित राठी, विनय राठी, संजीव राठी ने सहयोग किया।

**S.D. COLLEGE OF COMMERCE**
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
FACULTY REQUIRED
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) B.Sc.(Home Sc.) B.Sc.(Micro Bio)
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116, 8937095013

## परिनिर्वाण दिवस पर सपाइयों ने बाबा अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि

मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)। संविधान रचियता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को उनके परिनिर्वाण दिवस पर सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट सहित अन्य सपा पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान डॉक्टर अंबेडकर के सपनों को साकार करने के साथ उनके विचारों को धरातल पर लागू किये जाने का संकल्प दोहराया गया। मंगलवार को मुजफ्फरनगर के कचहरी गेट स्थित बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एडवोकेट ने माल्यार्पण करते हुए कहा कि गरीबों, दलितों तथा वंचितों के हितों के लिए बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर का पूरा जीवन संघर्ष की महान गाथा है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन समय में उनके द्वारा भेदभाव छुआछूत व अन्य अव्यवहारिक प्रथाओं के विरुद्ध उनका संघर्ष तथा वंचितों, दलितों को सम्मान सुरक्षा दिलाने का सफल मिशन उनको महापुरुष साबित करता है। उनके परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी उनको नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करती है। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम में सपा जिलाध्यक्ष के साथ सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल सपा अल्पसंख्यक सभा जिलाध्यक्ष डॉ. नूर हसन सलमानी, समाजवादी लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव रोहन त्यागी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भीमराव अम्बेडकर को युवा मंच ने की श्रद्धान्जली अर्पित

मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बुस.)। मंगलवार को अम्बेडकर युवा मंच के तत्वाधान में कचहरी में संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के परिनिर्वाण के उपलक्ष्य में विचार गोष्ठी एवं श्रद्धान्जली सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में सर्वप्रथम डॉ. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पान्जलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शो को अपने जीवन में संजोने का संकल्प दोहराया गया।अंबेडकर युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष राजेश पप्पू ने श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि बाबा साहेब के मूल मन्न शिक्षित बनो, संगठित रहो, सचम करो, पर चल कर ही समाज उन्नति कर रहा है। अंबेडकर युवा मंच में प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी से संसद का नाम बाळा साहव अम्बेडकर के नाम रखने की मांग दोहराई गयी। कार्यक्रम में इस दौरान जोगेन्द्र सिखेड़ा ने कहा कि बाबा साहेब के बनाये मार्ग पर चल ही एका प्रगान कर सकता है। कचहरी में संपन्न श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से अनुज कुमार एडवोकेट सतपाल सिंह, संजय, कलीराम एड., राजवीर, हरपाल, अरविंद, मलूक सिंह, मंगाराम, अनिल व आशीष मोर्य, अनिल पिपिल एड, डॉ. विनोद, मुकेश, जोगेन्द्र, नरेन्द्र भूर्जी, दीपक व दिव्यम, आदि मौजूद रहे।



परिनिर्वाण दिवस : भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण करते लोग। -फोटो बुलेटिन

## सफाई अभियान चलाकर बाबा साहब को याद किया

मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बुस.)। बाबा साहब की पुण्य तिथि पर भारतीय जनता पार्टी सरवट मंडल उपाध्यक्ष सिमित सैन के साथ दर्जन भर महिला व पुरूषों ने सुभाषनगर स्थित ग्राम अम्बेडकर समिति में सफाई अभियान चलाया व बाबा साहब की प्रतिमा को माल्यार्पण किया। मौहल्ला सुभाष नगर से निकली यात्रा गांधी कॉलोनी और शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई कचहरी रोड स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व सफाई अभियान पूर्ण कर यात्रा का समापन किया गया। भाजपा नेता सिमित सैन ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य संविधान निर्माता बाबा साहब की पुण्य तिथि पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित कराने हेतु निकाली गयी। बाबा साहब को महिलाओं को सम्मान व पिछड़े, दबे कुचले समान को रोजकार, व राजनीति के हर क्षेत्र में भागीदारी दिलाने के लिए आभार प्रकट किया। उक्त यात्रा आर. आर. एस. गौररक्षक मुजफ्फरनगर द्वारा निकाली गयी। इस दौरान मुख्य रूप से संगीता पॅवार, बीजेपी पीनना मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा व गौरक्षा संयोजक, बबली राणा बीजेपी जिला सोशल मीडिया प्रभारी महिला मोर्चा आर. आर. एस. गौरक्षा उपाध्यक्ष, सुबलेश बीजेपी सरवट मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा गौरक्षा प्रचार मंत्री, मोहित सूर्या महासचिव, आर.आर.एस. गौरक्षा, अजय, हर्ष गागियान, सिमित सैन आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**REQUIRED**
Golden opportunity offered to talented candidates in a Leading Publication
PROOF READERS/EDITORS
(Min. Qualification : B.Sc./M.Sc.)
DTP OPERATORS
(Experienced Candidates)
(ATTRACTIVE SALARY)
(Meet with Resume)
Meet On : Sunday to Friday
Time : 11:00 AM to 05:00 PM
email : hr.mznoffice@gmail.com
Contact No. : 8171831119
G.R. BATHLA & SONS
(A Leading Publishing Company)
Opp. - Vikas Bhawan, Meerut Road, Muzaffarnagar (U.P.)

# अब जीत हार के अनुमान लगा रहे समर्थक

खतौली, 06 दिसम्बर (बु.)। खतौली विधानसभा उप-चुनाव के लिए हुए मतदान के पश्चात बूथों पर पड़े वोटों के आधार पर नगर के बाजारो व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां लोगों द्वारा हार-जीत को लेकर गुणाभाग की चचाओं का दौर सुनाई पड़ रहा है। वहीं भाजपा व गठबन्धन प्रत्याशियों के समर्थकों द्वारा अपनी-अपनी जीत के दावे ठोके जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार खतौली विधानसभा चुनाव को लेकर 5 दिसम्बर को सम्पन्न हुए मतदान के पश्चात जहां भाजपा सहित सपा-रालोद प्रत्याशी व उनके समर्थक अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। वहीं मतदान के पश्चात विधानसभा क्षेत्रों के मतदान बूथों पर पड़े वोटों की संख्याओं को लेकर गुणाभाग का सिलसिला की नगर के बाजारों व ग्रामीण क्षेत्रों में शुरू दिखायी दिया। इस दौरान राजनीति के जानकार प्रत्येक मतदान के बूथों पर पड़े मतों को जातिय आधार पर विशलेषण करते हुए प्रत्याशियों को मिलने वाले वोट की की गणना करते हुए प्रत्याशियों की हार-जीत की गणना कर रहे है तथा अपने समीकरणों के आधार पर अमूक प्रत्याशी को मिले वोटों के दावे पेश करते दिखायी दे रहे हैं। विधानसभा उप-चुनाव में हुए कम मतदान को लेकर भी जहां चचाओं में किस दल के प्रत्याशी को नफा-नुकसान को लेकर दावे पेश किये जा रहे है। वहीं किस प्रत्याशी को किस जाति वर्ग का अधिक वोट मिला या कम मिला इसके आधार पर प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों को लेकर बाजारों में चचाओं का सिलसिला बराबर बना दिखायी दे रहा है। वहीं इसी ओर जहां मतदान के पश्चात सभी प्रत्याशियों के चुनावी कार्यलयों के दरवाजे बन्द होकर वहां ताले लटक गये। वहीं दूसरी ओर चुनाव प्रचार विगत पन्द्रह दिनों से चुनाव प्रचार के छोटे-छोटे मिलने वाले मुफ्त खाद्य सामग्री व सुरा सुन्दरी के रसिया अभी भी चुनावी कार्यलयों के इर्दगिर्द मड़राते हुए दरवाजे पर लगे ताले को देख निराश होते हुए दिखे तथा भविष्य मे होने वाले चुनाव के इन्तजार का घूट पीकर वापस लौटे दिखायी दे रहे हैं।

## दूसरे दिन भी जारी रही जीएसटी की छापेमारी

### -व्यापारियों में हड़कंप, बाजार बंद
### -सामान की बनाई लिस्ट,भेजी रिपोर्ट

कैराना, 6 दिसम्बर (बु.)। जीएसटी व राज्य कर विभाग की टीमों ने दूसरे दिन भी कस्बे में छापे मारे। टीम ने कांधला तिराहे पर एक मिठाई की दुकान में सामान के बिल आदि चैक किए। वहीं टीम के आने की सूचना पर कस्बे के बाजार में दुकानें बंद हो गई, जिससे व्यापारियों में हड़कंप मचा रहा, इतना ही नहीं गली में मौहल्लों की दुकानें भी बंद कर व्यापारी इधर-उधर रफूचक्कर हो गये। मंगलवार को दूसरे दिन भी सहारनपुर से जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर अवधेश कुमार चतुर्वेदी व राज्य कर विभाग के कर अधिकारी योगेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ कैराना के बाजारों में पहुंच गये और छापामारी की, जिससे बाजार में व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। टीम के सामने ही व्यापारी अपने अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर रफूचक्कर हो गये। बाजार को बंद होता देख, टीम कांधला तिराहे पर एक मिठाई की दुकान पर पहुंची, यहां पर टीम ने दुकान में रखे कच्चे माल के बिल चैक किए और बारीकी के साथ लिस्ट बनाई। इतना ही नहीं टीम ने दुकानदार से जीएसटी रजिस्ट्रेशन के बारे में भी जानकारी ली। अवधेश कुमार चतुर्वेदी का कहना था कि सरकार द्वारा नियम शर्तो के आधार पर जीएसटी में पंजीकृत कराकर उनको जीएसटी नंबर दिया गया है, लेकिन पंजीकृत हुए बिना कारोबार करने वालों के लिए सर्वे की कार्रवाई भी कराई जा रही है, उसमें सर्वे के आधार पर विभाग के उच्च अधिकारी यह तय करेंगे कि कौन जीएसटी के दायरे में आ रहा है और व्यापारियों का रजिस्ट्रेशन नंबर क्या है, उसी के आधार पर निर्देशित करते हुए जीएसटी नंबर लेना पड़ेगा और बिना नंबर कारोबार करने वालों पर कार्रवाई की जायेगी, जिसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। दरअसल नगर में जीएसटी के छापामार की सूचना पर कस्बे के शामली स्टैण्ड, बेगमपुरा, चैक बाजार, आलकला व सराफा बाजार, कायस्थवाड़ा सहित कई अन्य मौहल्लों में दुकानें बंद हो गई। देर शाम तक टीम कस्बे में कार्रवाई के लिए अभियान चलाती रही, जिसको लेकर बाजारों में व्यापारी अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर रफूचक्कर नजर आये। हालांकि टीम ने सोमवार को भी छापामार अभियान चलाया था।






## आओ चलो हम साथ में मिलकर एक नया संकल्प करें

मुजफ्फरनगर, 06 दिसम्बर (बुस.)। आज संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा डी ए वी इंटर कॉलेज सिसौली में और मून लाइट पब्लिक स्कूल सिसौली में पर्यावरण जागरूकता और व्यक्तित्व निर्माणशाला का आयोजन किया गया। इस पूरे कार्यक्रम को आयोजित किया जनपद के जाने माने गायक श्री सत्यपाल जी द्वारा, जिन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व में एक गीत के माध्यम से संस्कार और पर्यावरण के बीज रोपित किये। संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट के बैनर तले डीएवी इंटर कॉलेज सिसौली में जयपाल ने जो उसी विद्यालय में अध्यापक से सेवानिवृत भी हैं, राष्ट्र चेतना के लिए छात्रों में अपनी ओजस्वी वाणी से राष्ट्रनायकों के विषय में उनसे जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाये। डॉ. हेडगेवार, वीर सावरकर, सरदार भगत सिंह, मदनलाल ढींगरा जैसे वीर नायकों से प्रेरणा लेने की सीख बच्चों को दी। अब से दस वर्ष पहले जयपाल जी ने अपने सेवानिवृत्ति के अवसर पर हरसिंगार का जो पेड़ लगाया था, वह अब अपने यौवन पर है, उस वृक्ष को जल देकर जयपाल जी ने पर्यावरण को संरक्षित करने की सीख भी बच्चों को दी। इसी कार्यक्रम में कांति राठी ने अपने सम्बोधन में पर्यावरण के बचाव के लिए कार्य करने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि जब हम किसी का जन्मदिन मनाएं, तो हम अगर उपहार में पेड़ दें, तो कई प्रयोजन सिद्ध होंगे। जन्म दिन के अवसर का सदुपयोग होगा उस व्यक्ति को शुभकामनाएँ भी मिलेंगी और पर्यावरण भी संतुलित होगा। उन्होंने कहा कि हम देशभक्ति का जज्बा सीमा पर युद्ध करके ही नहीं दिखाएंगे बल्कि हम एक पेड़ लगाकर और प्रतिदिन एक लीटर पानी बचा कर भी अपने भावों का प्रदर्शन कर सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य यतेंद्र जी ने इस आयोजन की जिम्मेदारी को खूबसूरती से निभाया। विद्यालय के प्रबंधक राकेश जी भी इस कार्यक्रम का हिस्सा पूरे समय बने रहे और पूरे कार्यक्रम का प्रबंध भी बहुत बारीकी से देखते रहे। डीएवी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता पांडेय जी ने इस कार्यक्रम का सञ्चालन किया। मून पब्लिक लाइट पब्लिक स्कूल में भी संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा इसी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका संचालन शाहनवाज द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल बालियान ने इस कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। संकल्प वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतेंद्र जी इस पूरे कार्यक्रम के मेंटर रहे अर्थात पूरे कार्यक्रम के बारे में जो सोच निर्धारित हुई उसे सतेंद्र जी द्वारा बहुत खूबी से निभाया गया। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट का जो उद्देश्य है, हम उस ओर अपने कदम बढ़ा चुके हैं। हमारा उद्देश्य है सेवा और राष्ट्रीय भावना का विकास। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी हम इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे। दोनों ही विद्यालय में कार्यक्रमों का खूबसूरती से संयोजन सतपाल जी द्वारा किया गया। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना भरपूर सहयोग दिया। दोनों विद्यालयों की प्रबंध समिति ने सभी अतिथियों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

# भात में भाई-बहनों ने राजकुमारी की वोटों से भर दी झोली

▸ खतौली उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के मायके खलवाडा में सबसे ज्यादा 79.00 प्रतिशत मतदान
▸ राजकुमारी सैनी ने चुनाव प्रचार के दौरान की थी अपने गांव वालों से भात में वोट देने की अपील

-राकेश शर्मा-

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** खतौली उपचुनाव में गांव खलवाडा के ग्रामीणों ने भात के रूप में भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी की -ोली वोटों के रूप में भर दी। पूरी विधानसभा में सबसे ज्यादा 79.63 प्रतिशत मतदान भाजपा प्रत्याशी के मायके वाले इसी गांव के एक पोलिंग बूथ पर हुआ। जबकि दूसरे बूथ पर 74.05 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने वोट डाले। राजकुमारी सैनी ने जनसंपर्क के दौरान गांव वालों से भात के रूप में वोट मांगे थे। भाई बहनों ने एक तरह से मायके से उन्हें जिताकर भेजा है। अन्य इलाकों में उन्हें कितना समर्थन मिला यह तो चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ही साफ हो पायेगा।

बीते चार चुनावों की तरह खतौली विधानसभा के उपचुनाव में भी कवाल का मुद्दा सुर्खियों में रहा। यह बात अलग है कि खतौली विधानसभा से इस गांव का कोई नाता नहीं है। अलबत्ता विक्रम सैनी की ससुराल और भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी का मायका इसी विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले खलवाडा गांव में है। पहले की तरह इलाके के ग्रामीणों ने विक्रम और राजकुमारी को निराश नहीं किया। चुनाव प्रचार के दौरान अपने मायके में पहुंची भाजपा उम्मीदवार राजकुमारी सैनी ने अपनी




-ोली फैलाकर खुद को गांव की बेटी और बहन के रूप में गांव के भाई बहनों से भात के रूप में वोट मांगे थे। गांव की बेटी राजकुमारी सैनी की इस भावनात्मक अपील को सिर माथे लेते हुए एक तरह से उनकी -ोली वोटों से भर दी। खलवाडा के बूथ संख्या 73 प्राथमिक विद्यालय नम्बर-1 में करीब 79.63 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो पूरी विधानसभा के 369 बूथों पर हुए मतदान में सर्वाधिक है। यह बात अलग है कि इस बूथ पर मात्र 648 मतदाता हैं, लेकिन यहां पर जिस उत्साह के साथ मतदान किया गया है, उससे यही माना जा रहा है कि राजकुमारी सैनी को उसके मायके वालों ने इस बार भी निराश नहीं किया है। 648 में से 516 वोट पड़े हैं, इनमें 278 पुरुष और 238 महिलाओं ने वोट दिया है। इसी बूथ पर नौ महीने पहले फरवरी 2022 में हुए मतदान में भाजपा उम्मीदवार विक्रम सैनी को 540 वोटों में से 435 वोट मिले थे। सपा रालोद समर्थित उम्मीदवार राजपाल सैनी को 97 और बसपा प्रत्याशी करतार सिंह भडाना को मात्र तीन वोट मिले थे। भाजपा उम्मीदवार के मायके के दूसरे बूथ संख्या 74 प्राथमिक विद्यालय नम्बर 2 पर भी 74.05 प्रतिशत मतदान हुआ है। हालांकि इस बूथ के समीकरण बताये जाते हैं, क्योंकि पिछले चुनाव में विक्रम सैनी की ससुराल वाले इस दूसरे बूथ पर डाले गये कुल 461 वोटों में से 199 वोट ही मिले थे, जबकि बसपा प्रत्याशी करतार भडाना को 179 वोट प्राप्त हुए थे। सपा रालोद उम्मीदवार राजपाल सैनी को यहां पर 79 मतों पर ही संतोष करना पड़ा था। इस बार राजकुमारी सैनी को अपने मायके के इन दो बूथों पर कितने वोट मिले, इसका खुलासा तो मतगणना परिणाम आने के बाद ही हो पायेगा। माना जा रहा है कि खलवाडा से लगे महलकी, तिसंग आदि गांवों में भी इसका असर देखने को मिल सकता है।

## बालियान और चंद्रशेखर में से किसे मिलेगा गिफ्ट

**मुजफ्फरनगर।** खतौली उपचुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं ने मतदाताओं को जहां मुद्दों से लुभाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी, उसी प्रकार वो उनको भावनात्मक रूप से भी अपने अपने प्रत्याशियों के पक्ष में लाने का प्रयास करने से नहीं चूके। रालोद और सपा के साथ हाथ मिलाने वाले आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आजाद ने खतौली में जयंत चौधरी के साथ चुनाव प्रचार के दौरान दलितों के बीच उपचुनाव में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में वोट कर अपने जन्मदिन का तोहफा मांगा तो वहीं इस चुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने वाले केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान की शादी की सालगिराह भी चुनाव प्रचार के दौरान ही आई। वो भी मतदाताओं को भावनात्मक रूप से प्रभावित करने में जुटे रहे। अब आठ दिसम्बर का दिन ही यह साबित कर पायेगा कि मतदाताओं ने चन्द्रशेखर को बर्थ-डे गिफ्ट दिया है या फिर संजीव बालियान को शादी की सालगिरह के तोहफे के रूप में वोटरों ने कमल खिलाने का काम कर दिखाया है।

## ऑनलाइन पेमेंट के बहाने 2.10 लाख रुपए की ठगी

**शामली, 6 दिसम्बर (बु.)।** इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित स्वास्तिक पल्सिस इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. के मैनेजिंग डायरेक्टर मोहित जैन पुत्र जादोराम जैन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मंगलवार को करीब 12 बजे उनके मोबाइल पर 7578947598 नंबर से सुभाषचन्द नामक व्यक्ति का कॉल आया। उसने स्वयं को सेना नायक बताते हुये 10 कुन्टल बेसन का ऑर्डर देते हुये सिल्वर बैल्स पब्लिक स्कूल काका नगर शामली के निकट ऑर्डर भेजने के लिए कहा। जब व्यापारी ने उसकी लोकेशन खोली, तो लोकेशन मिल रोड शामली दिखा रही थी। व्यापारी ने अपने 10-15 कुंतल बेसन लेकर ड्राईवर संजीत को टैम्पो लेकर मिल रोड शामली पर भेज दिया। उक्त व्यक्ति का मेरे फोन पर लगातार सम्पर्क रहा और उसने कहा कि हम तुम्हारा केस पेमेन्ट नहीं दे पायेंगे, आप अपने एकाउन्ट में हमारा एकाउन्ट नंबर एड कर लो, जिससे आपको पेमेन्ट मिल जायेगा। उक्त व्यक्ति ने इस तरह व्यापारी को अपनी बातों में उलझा लिया और अपने एकाउंट में थोड़े-थोड़े करके 2,10,347 रुपये धोखाधड़ी करके ट्रांसफर करा लिये। इसके बावजूद वह तीसरे एकाउन्ट में 50 हजार रुपये की लास्ट ट्रांजक्शन करने के लिये कहता रहा, लेकिन उसके बाद व्यापारी ने नहीं की। ठगी का आभास होने पर व्यापारी ने 1930 नंबर पर साईबर सैल के कस्टमर केयर पर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित व्यापारी ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

## कचहरी में अधिवक्ताओं के बीच चले लात-घूंसे

**मेरठ, 6 दिसंबर (वार्ता)।** कचहरी में दो अधिवक्ताओं के बीच मंगलवार को लात-घूंसे चले गए। इस दौरान कचहरी में अन्य लोग इनकी वीडियो बनाते रहे। वहीं बाद में कुछ अधिवक्ताओं ने दोनों वकीलों के बीच सुलहनामा कराया। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद सिविल लाइन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर सिविल लाइन उपेंद्र सिंह का कहना है कि दोनों अधिवक्ताओं ने थाने में कोई भी तहरीर देने से इनकार कर दिया है। पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## ज्यादा फीस वसूली पर डीपीएस की मान्यता छिनी

**नई दिल्ली, 6 दिसंबर (वार्ता)।** डीपीएस यानी दिल्ली पब्लिक स्कूल को देश भर में सबसे प्रतिष्ठित स्कूल श्रृंखला में से अहम माना जाता है। लेकिन हाल ही में इस श्रृंखला का एक स्कूल डीपीएस, रोहिणी विवादों में आ गया। स्कूल पर अधिक फीस वसूलने और पात्र छात्रों को नियमानुसार छूट न देने के मामले में कार्रवाई करते हुए उसकी मान्यता निलंबित कर दी गई है। ऐसे में स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर अभिभावकों और माता-पिता के मन में चिंता और जिज्ञासाएं उठना लाजिमी है। दरअसल, दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने नियमों का उल्लंघन कर 2021-22 शैक्षणिक सत्र के दौरान फीस बढ़ाने के लिए डीपीएस रोहिणी की मान्यता निलंबित कर दी है। मंगलवार को जारी एक आदेश में, डीओई ने कहा कि स्कूल अधिकारी 2021-22 के दौरान बढ़ी हुई फीस वसूल कर विभाग के साथ-साथ उच्च न्यायालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे और सत्र 2020-21 के लिए फीस हाइक संबंधी विभिन्न अदालती आदेश का उल्लंघन कर रहे थे। दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय का कहना है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल रोहिणी में डीडीए यानी दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि पर स्थित है। भूमि आवंटन मानदंडों के अनुसार, स्कूल को किसी भी प्रकार से शुल्क वृद्धि से पहले संबंधित शिक्षा निदेशक या निदेशालय से पूर्व में अनुमति या स्वीकृति लेनी होती। डीपीएस, रोहिणी के मामले में ऐसा नहीं किया गया।

## आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर आरोप तय

**लखीमपुर खीरी, 6 दिसंबर (वार्ता)।** लखीमपुर खीरी के तिकुनिया इलाके में हुई हिंसा के मामले में मुख्य आरोपी और केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा ह्यटेनीह्न के बेटे आशीष मिश्रा की मुश्किलें बढ़ गई हैं। आशीष मिश्रा समेत 13 आरोपियों पर किसानों की हत्या का केस चलेगा। मामले में 16 दिसंबर से मामले का ट्रायल शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों के प्रदर्शन के दौरान अक्टूबर, 2021 को हुई इस हिंसा में आठ लोगों की मौत हुई थी। पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के अनुसार, घटना में चार किसानों की एक एसयूवी से कुचल कर मौत हो गई थी, जिसमें आशीष मिश्रा बैठे हुए थे। दुर्घटना के बाद गुस्से से भरे किसानों ने वाहन चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की कथित रूप से पीट-पीट कर हत्या कर दी थी।




# कड़े पहरे में रखी हैं ईवीएम

▸ स्ट्रांग रूम पर है सीसी टीवी की निगरानी
▸ अपर जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा उप-चुनाव का मतदान सकुशल सम्पन्न होने के पश्चात अब मतगणना की तैयारी तेज हो गई है। आठ दिसंबर को ईवीएम में बंद प्रत्याशियों का भाग्य खुलेगा। कल मतदान के बाद ईवीएम देर रात तक कूकड़ा मण्डी स्थल में बनाये गये स्ट्रांग रुम में रखी गई हैं। आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया गया। खतौली विधानसभा उपचुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराने के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को सकुशल कडी सुरक्षा में कूकड़ा मण्डी स्थल पर बनाये गये स्ट्रांग रुम में रखा गया है। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा हेतु केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सिविल पुलिस व आर्म्ड पुलिस (पीएसी) को तैनात किया गया है। इसमें इनर कार्डन में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल तथा आउटर कार्डन में सिविल पुलिस व पीएसी को तैनात किया गया है। पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल स्ट्रांग रुम व उसके आस-पास 24 घण्टे तैनात हैं तथा सीसीटीवी कैमरों द्वारा निरंतर स्ट्रांग रुम की निगरानी रखी जा रही है । इसी क्रम में आज अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेंद्र बहादुर सिंह द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रुम डियूटी पर तैनात सिविल पुलिस /पीएसी व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल को निर्देशित किया गया कि सावधानी और सतर्कता के साथ ड्यूटी करें तथा किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को स्ट्रांग रूम के आसपास ना आने दिया जाए। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। अपर जिलाधिकारी प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रुम के अन्दर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तथा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों से सतर्क दृष्टि रखते हुए 24 घण्टे निरंतर निगरानी की जाए तथा हर छोटी-बड़ी सूचना से तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाये। निरीक्षण के दौरान द्वारा प्रकाश व्यवस्था, ईवीएम- वीवीपेट मशीन के रखरखाव की व्यवस्थाओं का बारीकी से मुआयना करते हुए संबंधित को निर्देश दिए गए।

## मतगणना स्थल पर गठबंधन नेताओं का धरना ना दूरबीन

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** इस बार सपा-रालोद गठबंधन को प्रशासन और पुलिस पर पूरा भरोसा है। शायद यही वजह है कि इस बार मतगणना स्थल पर ना तो गठबंधन नेताओं का निरंतर जमावड़ा है और ना दूरबीन से ईवीएम पर नजर रखी जा रही है। पिछले कई चुनावों में यह स्थिति रही है कि सपा-रालोद गठबंधन भाजपा पर प्रशासन से मिलकर ईवीएम में गड़बड़ी करने का आरोप लगाता रहा है। इसके चलते मतदान के बाद से दोनों दलों के नेता मतगणना स्थल के पास चौबीस घंटों का धरना देकर स्ट्रांग रूम पर दूरबीन नजर रखते थे। इस बार दोनों दलों के नेता खामोश हैं। उनके द्वारा अभी तक ना तो कोई धरना दिया जा रहा है और ना ही दूरबीन लगाई जा रही है। ऐसे में लग रहा है कि रालोद सपा गठबंधन को इस बार प्रशासन पर पूरा भरोसा है। शायद यही बात है कि अभी तक उनकी ओर से मतगणना में धांधली की आंशका के आरोप भी नहीं लगाए गए हैं।

# कप्तान ने मंडी पहुंच, परखा ईवीएम का पहरा

▸ त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण कर एसएसपी ने दिए सतर्कता बरतने के निर्देश ▸ सीसीटीवी कैमरों को 24 घंटे सक्रिय रखने के दिए निर्देश, कहा-स्ट्रांग रूम के आसपास भी न फटक पाये कोई व्यक्ति

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा उप-चुनाव का मतदान सकुशल सम्पन्न होने के पश्चात अब जिला पुलिस प्रशासन ने मतगणना की तैयारी को देखते हुए सुरक्षा बंदोबस्त पर नजर गड़ा दी है। इसी क्रम में मंगलवार को एसएसपी विनीत जायसवाल कूकडा मण्डी स्थल में बनाये गये स्ट्रांग रुम का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। खतौली विधानसभा उपचुनाव में मतदान में प्रयोग की गई ईवीएम मशीनों को थाना नई मण्डी क्षेत्र के अन्तर्गत कड़ी सुरक्षा में कूकडा मण्डी स्थल में बने स्ट्रांग रुम में रखा गया है। एसएसपी विनीत जायसवाल के निर्देशन में स्ट्रांग रुम में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसके अन्तर्गत केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सिविल पुलिस व आर्मड पुलिस (पीएसी) को तैनात किया गया है। सुरक्षा के इस प्लान में इनर कार्डन में केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल तथा आउटर कार्डन में सिविल पुलिस व पीएसी को तैनात किया गया है। पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल स्ट्रांग रुम व उसके आस-पास 24 घण्टे तैनात है तथा सीसीटीवी कैमरों द्वारा निरंतर स्ट्रांग रुम की निगरानी रखी जा रही है। मंगलवार को एसएसपी विनीत जायसवाल द्वारा स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करते हुए स्ट्रांग रुम ड्यूटी पर तैनात सिविल पुलिस, पीएसी व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल से बातचीत की। उन्होंने सावधानी और सतर्कता के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को स्ट्रांग रूम के आसपास तक भी ना आने दिया जाए। स्ट्रांग रुम के अन्दर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया तथा संबंधित को निर्देशित किया गया कि सीसीटीवी कैमरों से सतर्क दृष्टि रखते हुए 24 घंटे निरंतर निगरानी की जाए तथा निर्देशित किया कि सुरक्षा के बीच हर प्रकार की छोटी-बड़ी सूचना से तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित किया जाये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपराध प्रशान्त कुमार प्रसाद, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी नई मण्डी हिमांशु गौरव, थाना प्रभारी नई मण्डी महावीर सिंह चौहान सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



# प्रधानपति की कार्यशैली से शिया समुदाय में भारी रोष

**मीरापुर, 6 दिसम्बर (बु.)।** गांव मुझेड़ा में शिया समुदाय के लोगों ने ग्राम प्रधानपति पर शिया समुदाय के मकबरे व कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। शिया समुदाय के लोगों ने प्रधानपति पर जबरन जेसीबी से उनके मकबरे व कब्रिस्तान की भूमि की खुदाई कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। मीरापुर के गांव मुझेड़ा सादात के शिया समुदाय के लोगों का कहना है कि खसरा नम्बर 893 में शिया समुदाय के कब्रिस्तान दर्ज है तथा सैंकड़ों वर्षो से उक्त भूमि पर उनके मकबरे व कब्रिस्तान है। वर्तमान में भी पुराने मकबरे व कब्र उक्त भूमि में स्थित है, किन्तु आरोप है कि ग्राम प्रधानपति इश्तियाक कुछ दबंगों के साथ मिलकर उनके मकबरों व कब्रिस्तान पर जबरन अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। आरोप है कि इसी के चलते मंगलवार को ग्राम प्रधानपति ने जेसीबी मशीन से कब्रिस्तान में बनी कब्रों की खुदाई शुरू करा दी, जिसकी सूचना से शिया समुदाय में रोष फैल गया तथा शिया समुदाय के अनवार हुसैन, जिल्ले हसनेन, आकिब, कायदे आजम, सरदार हुसैन, हसन अली, असलम हुसैन, मंजर हुसैन, इशरत हुसैन आदि दर्जनों लोग मौके पर पहुँच गए और जेसीबी मशीन चलाये जाने का विरोध करते हुए हंगामा शुरू कर दिया, सूचना पर मीरापुर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुँच गए। शिया समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया कि प्रधानपति ने कब्रिस्तान की भूमि पर कूड़ेदान का अवैध निर्माण कराने के लिए ईंटे भी मंगवाकर वहाँ डलवा दी। इंस्पेक्टर ने शिया समुदाय के लोगों को खोदी गई जगह पर मिट्टी डलवाने की बात समझाकर मामला शांत कराया। मामले पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह का कहना है कि कब्रिस्तान कि भूमि का विवाद नहीं है। कब्रिस्तान की भूमि से अलग सबकी सहमति से कूड़ादान बनाया जा रहा है, जिसके लिए मिट्टी उठाते समय जेसीबी से कुछ दूरी पर स्थित मकबरे का कुछ कच्चा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था, उसे ग्राम प्रधान द्वारा ठीक कराया जाएगा, जिस पर दोनों पक्ष सहमत है।


मीरापुर के मुझेड़ा में प्रधानपति पर कब्रिस्तान की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाते शिया समुदाय के लोग व जेसीबी से खोदी गई कब्र

## जगबीर सिंह हत्याकाण्ड में कोर्ट में पेश हुए नरेश टिकैत

**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** राष्ट्रीय किसान मोर्चा के अध्यक्ष जगबीर सिंह की हत्या के मामले में आरोपी भाकियू अध्यक्ष एवं बालियान खाप के चौधरी नरेश टिकैत कोर्ट में पेश हुए। इससे पहले 25 नवंबर को तत्कालीन सीबीसीआईडी के उप पुलिस अधीक्षक जगत राम जोशी के बयान दर्ज किए गए थे। एडीजे 6 अशोक कुमार ने अभियोजन की ओर से गवाही पूरी करने के लिए छह दिसंबर की तिथि नियत की थी। आरोपी भाकियू अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत कोर्ट में पेश हुए। छह सितंबर 2003 को अलावलपुर में राष्ट्रीय किसान मोर्चे के अध्यक्ष चौधरी जगबीर सिंह की गोली मारकर हत्या करा दी गई थी, उनके बेटे पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था।

## अनुपूरक बजट पर योगी ने दिया जवाब, विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ, 6 दिसंबर (वार्ता)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य के विकास के लिए बड़े विजन की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ 37 वर्ष बाद किसी सरकार को लगातार दो बार चुना है, उसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। निवेश, शहरीकरण और रोजगार सृजन सरकार की कार्ययोजना की प्राथमिकता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में तैयार हो सके, इसके लिए प्रदेश में बड़े और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आज पूरी दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश को उत्सुक है। आज हर तबके को बिना भेदभाव मिल रहे शासन की योजनाओं के लाभ का ही परिणाम है कि हर व्यक्ति सरकार के प्रयासों को सफल करने में अपना योगदान करने को तत्पर है। मुख्यमंत्री योगी के संबोधन के बाद सभी प्रस्ताव पास कर लिए गए और विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई।

## गैंगस्टर एक्ट की संवैधानिक वैधता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली, 6 दिसंबर (वार्ता)।** सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है जिसमें उत्तर प्रदेश गैंगस्टर एवं समाज विरोधी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम, 1986 के विभिन्न प्रविधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। इस याचिका को एडवोकेट आन रिकार्ड अंसार अहमद चौधरी ने दाखिल किया है। याचिका में गैंगस्टर कानून की धारा तीन, 12 व 14 और उत्तर प्रदेश गैंगस्टर व समाज विरोधी गतिविधियां रोकथाम नियम 16(3), 22, 35, 37(3) व 40 को असंवैधानिक, गैरकानूनी और निरर्थक घोषित करने के लिए उचित निर्देश जारी करने की मांग की गई है। आईसीएमआर की वेबसाइट पर एक दिन में हजारों बार हमले नई दिल्ली, 6 दिसंबर (वार्ता)। दिल्ली एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक के बाद अब हैकर्स ने आईसीएमआर की वेबसाइट को हैक करने की कोशिश की है, लेकिन हैकर्स की इस कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। एक सरकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, हांगकांग के हैकरों ने 30 नवंबर को 24 घंटे के अंतराल में करीब 6000 बार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की वेबसाइट पर हमला करने की कोशिश की। ये हमले कथित रैंसमवेयर हमले के बाद हुए हैं, जिसने एम्स की ऑनलाइन सेवाओं को पंगु बना दिया था।

## अहमदाबाद जामा मस्जिद के शाही इमाम के बयान पर धर्मगुरुओं का जवाब

**सहारनपुर, 6 दिसंबर (वार्ता)।** औरतों को राजनीति में टिकट ना देने के संबंध में अहमदाबाद जामा मस्जिद के शाही इमाम शब्बीर अहमद द्वारा दिए गए बयान को आरएसएस के घटक दल मुस्लिम राष्ट्रीय मंच सहित हिंदू-मुस्लिम धर्मगुरुओं ने इसे गैर जरूरी बताया है। अहमदाबाद के शाही इमाम के बयान पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के जिला संयोजक राव मुशर्रफ अली ने कहा कि इस्लाम औरतों को बराबरी के हक देता है, जबकि हज भी मर्द और औरत एक साथ करते है। इतना ही नहीं अपने को मुस्लिम देश कहने वाले बांग्लादेश व पाकिस्तान में भी महिलाएं प्रधानमंत्री रहीं हैं। ऐसे में लोकतांत्रिक देश हिंदुस्तान में औरतों का चुनाव न लड़ने की बात कहना समझ से परे है। अंतरराष्ट्रीय ध्यानगुरु स्वामी दीपांकर महाराज ने कहा कि देश की आजादी के 75 वर्ष बाद भी अगर महिलाओं को लेकर इस तरह की बात होती है तो यह आजाद हिंदुस्तान और पूरे समाज के लिए प्रश्न चिह्न है। जमीयत दावातुल मुसलीमीन के संरक्षक कारी इस्हाक गोरा ने अहमदाबाद के शाही इमाम शब्बीर अहमद के बयान को गैर जरूरी करार देते हुए कहा कि मुस्लिमों को अगर कोई मसला जानना है तो वह किसी के बयान से नहीं बल्कि मुफ्तियों से लिखित में मालूम करते है। जो शरीयत की रोशनी में हर मसले का हल निकालते हैं।

## कोहरे में भी 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें

**नई दिल्ली, 6 दिसंबर (वार्ता)। कोहरा आने से पहले रेलवे मंत्रालय ने ट्रेनों को विलंब से बचाकर समय पर चलाने एवं यात्रियों को परेशानी से बचाने की पहल की है। मंत्रालय ने सुरक्षित यात्रा के लिए सभी ट्रेनों में अनिवार्य रूप से फाग सेफ्टी डिवाइस लगाने का निर्देश दिया है। कोहरे एवं खराब मौसम के दौरान लोको पायलट स्थिति के अनुसार निर्णय लेते हुए ट्रेनों की अधिकतम गति को 75 किमी प्रति घंटे तक ले जा सकते हैं। अभी तक अधिकतम सीमा 60 किमी प्रति घंटे थी।**

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से होगा शुरू

**नई दिल्ली, 6 दिसंबर (वार्ता)।** संसद का शीतकालीन सत्र बुधवार से शुरू हो रहा है। कामकाज के लिहाज से वैसे तो यह सत्र सिर्फ 17 दिनों का ही है, लेकिन कांग्रेस सहित विपक्ष दलों ने मंगलवार को सरकार की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में जिस तरह का रुख दिखाया है, उससे इस सत्र के गर्म रहने के आसार हैं। हालांकि गतिरोध की आशंका कम है।



# अनारक्षित सीट बढ़ा सकती है भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों की परेशानी ?

**कैराना, 06 दिसम्बर (बु.)।** नगर निकाय चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु आरक्षण की सूची जारी होने के बाद अनारक्षित वर्ग में आने के चलते चुनाव लड़ने वाले दावेदारो,की जहा खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वहीं सत्तारूढ़ पार्टी के लिए जद्दोजहद करनी पढ़ सकती है हालांकि अभी आरक्षण की सूची जारी होने के बाद यह तय होना अभी बाकी है कि समाजवादी पार्टी और भाजपा पार्टी के उम्मीदवार चेहरे कौन होंगे, जिनके बाद चुनाव का समीकरण जीत हार के लिए वोटर तय करेंगे। दरअसल आरक्षण की स्थिति साफ होते ही काफी कुछ साफ होता नजर आ रहा है। कुछ लोगों का कहना है कि ज्यादातर प्रदेश में निकाय चुनाव में मुकाबला समाजवादी और भाजपा के बीच में ही रहेगा, लेकिन इसके साथ-साथ कुछ सीटों पर कांग्रेस बसपा और आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार भी चुनाव लड़ने और ताल ठोकने की तैयारी में है, लेकिन कैराना नगरपालिका की बात करें तो यहां नवीन वोटर समीकरण बदलने की स्थिति पैदा कर रहे हैं और इन वोटरों पर पहले से ही सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा अपना पूरा फोकस बनाए हुए हैं जबकि कैराना में यह मुकाबला बड़ा ही दिलचस्प होने वाला है। यहां का इतिहास देखे तो कैराना में मरहूम मुनव्वर हसन के स्पॉट पर मरहूम अजीज अंसारी को चुनाव जीता कर चेयरमैन पद पर काबिज किया था, लेकिन तब इस तिथि और समय कुछ और गवाही दे रहा था हाल में ही स्वर्गीय सांसद हुकुम सिंह के भतीजे के आने के बाद और नए वोटर जोड़ने पर यहां का समीकरण बिल्कुल बदल कर अलग हो गया है। जबकि बात करें तो 2017 में स्वर्ग के सांसद हुकम सिंह के अंदरूनी सपोर्ट पर हाजी अनवर हसन ने जीत दर्ज की थी और समाजवादी के प्रत्याशी रहे राशिद अली को जहां विधायक नाहिद हसन का सपोर्ट मिला था, लेकिन वह फिर भी चुनाव हार गए थे। अब लोगों का कहना है कि कैराना में अंसारी बिरादरी का भी एक वोट बैंक काफी संख्या में है और अंसारी बिरादरी से भी दो प्रत्याशी आमने-सामने हैं, जिनके बीच में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी और भाजपा के प्रत्याशियों के साथ यह मुकाबला ज्यादातर उम्मीद जताई जा रही है कि तिकोनिया बनकर रह जाएगा अब देखना यह होगा कि सत्तारूढ़ पार्टी जद्दोजहद के बीच किसको प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में उतरती है, वही समाजवादी से कौन प्रत्याशी घोषित होता है। हाल में ही समाजवादी के विधायक नाहिद हसन भी जेल से बाहर आ चुके हैं और अब टिकट मिलने के बाद ही कहीं हसन परिवार और हुकुम सिंह परिवार के बीच यह चुनाव मुकाबले की नाक में बन जाए हालांकि अभी उम्मीदवार घोषित होने के बाद ही तय हो पाएगा।

## कैसा हो सकता है मुकाबला

**कैराना।** दरअसल बात करें नगर पालिका कैराना की तो यह सीट बहुत ही अहम सीट कहलाई जाती है। यहां बात करे पूर्व में तो पिछली बार नगर पालिका की सीट पिछड़ा वर्ग में आरक्षित था। लेकिन नगर निकाय चुनाव के अध्यक्ष पद के आरक्षण की सूची में कैराना नगर पालिका अनारक्षित वर्ग में आने पर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों में खुशी है। हर वर्ग से चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को अवसर मिला है। 2017 के निकाय चुनाव में कैराना नगर पालिका पिछड़ा वर्ग में आरक्षित थी। और चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हाजी अनवर हसन के सिर पर जीत का सेहरा बंधा था। पिछली बार आरक्षण के चलते चुनाव लड़ने से वंचित लोगों को मौका मिलने से खुशी का माहोल बन गया है। इससे पूर्व 2012 में कैराना सीट सामान्य वर्ग में थी। 2012 में निर्दलीय प्रत्याशी राशिद अली चुनाव जीतकर कैराना नगर पालिका के चेयरमैन बने थे, लेकिन नगरपालिका के सीमा विस्तार होने पर नए वोटरों की वोट से ही जीत का सेहरा किस के सिर बंधेगा यह तो सत्तारूढ़ पार्टी के टिकट मिलने और समाजवादी पार्टी की ओर से चेहरा सामने आने पर ही कहीं हद तक साफ हो पाएगा। अब देखना होगा की कैराना में कितने प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरते हैं।

# योग की तरह आयुर्वेद को भी मिले पहचान

▸ इंडोनेशिया के पद्मश्री इंद्र उदयन ने आरोग्यधाम के साथ साइन किया एमओयू



**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)।** इंडोनेशिया से आए पद्मश्री इंद्र उदयन ने कहा है कि इंटरनेशनल योग डे की सफलता के बाद अब आयुर्वेद को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पहचान दिलाने के लिए भारत और आयुर्वेद विशेषज्ञों को आगे आना चाहिए। आज यहां आरोग्यधाम पर पमुख्य आयुर्वेद चिकित्सक डॉ.राकेश अग्रवाल, डॉ. नीलम अग्रवाल, डॉ. अमृत राज व डॉ. अर्जुन राज के साथ पत्रकारों से वार्ता करते हुए जानकारी दी गई कि आरोग्य धाम ने इंडोनेशिया की संस्था आईजेक के साथ आयुर्वेद को प्रोत्साहन और दोनों देशों के बीच इससे संबंधित जानकारियों और दवाओं के आदान प्रदान को लेकर एमओयू साइन किया गया है। इस मौके पर इंडोनेशिया की संस्कृति की प्रस्तुति देते हुए वहां की नृत्यांगनाओं ने लोक नृत्य और योग की कलाओं से संबंधित प्रस्तुतियां दीं। इंद्र उदयन ने कहा कि आयुर्वेद की मूल धारण नत्वहं कामये राज्यं, न स्वर्गं ना पुर्नभवम्, कामये दुख तृप्तानाम प्राणिनाम आर्तनाशनम की ऋग्वेद की ऋचा पर आधारित है। इसका अर्थ है कि आयुर्वेद निरपेक्ष भाव से प्राणीमात्र के कल्याण की कामना करता है। उन्होंने कहा कि महर्षि पतंजलि और चरक जैसे महान ऋषियों से लेकर आज तक आयुर्वेद ने चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है। आज आयुर्वेद को इसके प्राकृतिक गुणों के कारण दुनिया भर में प्रतिष्ठा मिल रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने गुजरात में रहकर शिक्षा प्राप्त की और गांधी जी के विचारों से प्रभावित रहे। उन्होंने कहा इंटरनेशनल योगा डे के बाद आज 108 देशों में योग सेंटर चल रहे हैं। इसी प्रकार आयुर्वेद को भी बढ़ावा देने के प्रयास होने चाहिएं।



उन्होंने कहा कि हाल में इंडोनेशिया में जी-20 में उन्होंने आयुर्वेद को प्रोत्साहन दिया। अब भारत में होने वाले जी-20 के आयोजन में भी उन्हें भागीदारी का अवसर मिलेगा। उन्होंने इस दिशा में डॉ.राकेश अग्रवाल और उनके परिवार के योगदान की सराहना की। इस मौके पर सुरभि अग्रवाल और डॉ मिताली अग्रवाल के अलावा डॉ.वीडी भारद्वाज ने भी उदयन और उनके साथ आए आईजैक, अलीशा और जहाना आदि का स्वागत किया।

## भीमराव अम्बेडकर का 66वॉ परिनिर्वाण दिवस मनाया



**मुजफ्फरनगर, 6 दिसंबर (बु.)। वाल्मीकि समाज के लोगों ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का 66वॉ परिनिर्वाण दिवस अंबेडकर छात्रावास में मनाया। वक्ताओ ने बाबा साहब के संघर्षो को याद करते हुए उनके बताए रास्ते शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो पर चलने का आव्हान किया। इस दौरान मनोज सौदाई एडवोकेट, मनुप्रिय मजदूर, मास्टर संजीव गहलौत बामसेफ, नरेश नन्दन वाल्मीकि, राजू प्रधान, प्रेम प्रकाश सुधा, सुरेश पाल, दीपक गहलौत, अभिषेक लोहरे, महिपाल सिलेलान, आशीष सिलेलान, बिट्टू गहलौत आदि मौजूद रहे।**

## छापेमारी के विरोध में बंद किए बाजार

**शामली, 6 दिसम्बर (बु.)।** जीएसटी व एसआईबी की ताबड़तोड़ छापेमारी से व्यापारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। मंगलवार को छापेमारी के चलते शहर के बाजार बंद हो गए और व्यापारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। उधर छापेमारी के नाम पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने झिंझाना रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचकर हंगामा-प्रदर्शन किया। विरोध के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा। गत दो दिनों से सहारनपुर व मुजफ्फरनगर की जीएसटी विभाग की टीमों द्वारा ज्वाईट कमिश्नर सहारनपुर धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में जिलेभर के बाजारों में छापेमारी की जा रही है। गत दिवस शामली, कैराना और कांधला में दुकानों पर छापेमारी की गई, लेकिन मंगलवार सवेरे भी ज्वाईट कमिश्नर के आदेश पर 8 टीमों का गठन कर दिनभर व्यापारियों की दुकानों पर छापेमारी की गई। दोपहर बाद जब टीम शहर के कबाड़ी बाजार, काजीवाडा, आजाद चौक व बड़ा बाजार में असिस्टेंट कमिश्नर राजेन्द्र चतुर्वेदी के नेतृत्व में छापेमारी कर रही थी, तो अचानक बाजारों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया और कार्यवाही के डर से व्यापारियों ने धड़ाधड़ दुकानों के शटर डालने शुरू कर दिये। इस दौरान गांधी चौक, बड़ा बाजार, नया बाजार, कबाड़ी बाजार, काजीवाड़ा, आजाद चौक, सर्राफा बाजार, सब्जी मंडी, अजुध्या चौक व शिव चैक पर अधिकतर दुकाने बंद कर दी गई थी। व्यापारियों ने उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अलग-अलग स्थानों पर अपना विरोध शुरू कर दिया। व्यापारियों के कड़े विरोध को देखते हुए छापेमारी करने आई टीम को वापस लौटना पड़ा। बाद में व्यापारिक नेताओं ने बाजारों को बंद कर जीएसटी विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही के विरोध में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन भी किया। व्यापारियों ने जीएसटी विभाग की कार्यवाही पर अंकुश लगाने की मांग की। एसआईबी कार्यवाही को लेकर व्यापारी सुरक्षा फोरम ने जिला अध्यक्ष संजय संगल की अगुवाई में झिंझाना रोड स्थित जीएसटी कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यालय में सभी अधिकारी नदारद पाये गये, उसके बाद उनसे महामंत्री प्रदीप विश्वकर्मा द्वारा फोन पर संपर्क साधा गया और चेताया गया कि आज की जा रही कार्यवाही सर्वथा अनुचित है। जीएसटी कार्यालय के डीसी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि किसी भी रजिस्टर्ड व्यापारी के यहां छापामारी नहीं की जा रही है, यह छापामारी अनरजिस्टर्ड व्यापारियों के यहां की जा रही है, इसलिए रजिस्टर्ड व्यापारियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होगी।